**रोहतक**
**सोमवार, 31 मार्च 2025**
चैत्र मास शुक्ल पक्ष, द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 59
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 33.2
न्यून. 11.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



5 सबालेंका ने जीता 19वां टूर खिताब

## आईपीएल में आज



मुंबई इंडियंस V/S कोलकाता
- : समय :- 7.30 PM
- : स्थान :- मुंबई

## खबर संक्षेप

### नकली नोट चलाने के आरोप में 2 महिलाएं काबू

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली की सरोजिनी नगर मार्केट में जाली नोट चलाने के आरोप में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित महिलाओं के पास से 100 रुपये के 33 नकली नोट (एफआईसीएन) भी जब्त किए। हरियाणा के फरीदाबाद की रानी झा (22) और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के गराचारमा गांव की 29 वर्षीय आकांक्षा देसाई को खुफिया जानकारी के आधार पर गिरफ्तार किया गया। भाषा

### उत्तराखंड : गंगोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल को खुलेंगे

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर रोहिणी नक्षत्र में सुबह साढ़े दस बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इसी दिन उत्तरकाशी में स्थित यमुनोत्री के कपाट भी खोले जाएंगे और इसके साथ ही चारधाम यात्रा की शुरुआत हो जाएगी। गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने कहा, नवरात्रि के पहले दिन गंगोत्री धाम के कपाट खुलने का मुहूर्त निकाला। भाषा

## सीएम सैनी ने कुरुक्षेत्र में किया ऐलान

# प्रदेश में जल संरक्षण को बनेंगे 2200 नए तालाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कहा कि प्रदेश में सरसों और सूरजमुखी का उत्पादन करने वाले लाखों किसानों को बड़ी सौगात देने की तैयारी सरकार द्वारा की जा रही है। वहीं, जल संरक्षण के लिए 2200 तालाबों का निर्माण करवाया जा रहा है। इनमें से 2000 तालाब बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि 2200 नए तालाब भी जल्द बनाए जाएंगे। इससे प्रदेश में पानी कमी दूर होगी और बारिश के पानी का भी संरक्षण किया जा सकेगा। सीएम ने कुरुक्षेत्र में पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की। सीएम ने कहा कि सरकार कुरुक्षेत्र में सूरजमुखी की बड़ी ऑयल मिल और रेवाड़ी में सरसों की फसल के लिए एशिया की सबसे बड़ी ऑयल मिल लगाने की परियोजना तैयार कर रही है। इस परियोजना को जल्द ही अमलीजामा पहना दिया जाएगा। इस परियोजना से लाखों किसानों को फायदा होगा।

**अब तक 2000 तालाब बनने का कार्य हो चुका पूरा**
■
**प्रदेश में जल संकट होगा दूर, लोगों को मिलेगी राहत**
■
**सरसों और सूरजमुखी की फसल उगाने वाले किसानों को कुरुक्षेत्र और रेवाड़ी में बड़ी ऑयल मिल प्रोजेक्ट लगेंगे**



*इन सभी किसानों की फसल एमएसपी पर खरीदना सुनिश्चित किया जाएगा। हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां किसानों की सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार गांव समानी में ग्राम पंचायत की तरफ से मन की बात कार्यक्रम को लेकर आयोजित भव्य समारोह में बोल रहे थे।*

### प्रदेश में पानी की नहीं रहेगी कमी

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 11 बिलियन पानी एकत्रित करने की बात कही है और कैच दॉ रेन योजना के तहत तालाब बनाने के लिए कहा है। प्रदेश में 2,000 तालाब बनाने का काम पूरा कर लिया है। आने वाले समय में 2200 नए तालाब बनाए जाएंगे। किसानों से अपील की जा रही है कि किसानों से खेतों में और ग्राम पंचायत पंचायती भूमि में बरसात का पानी एकत्रित करे और पानी का संरक्षण किया जा सके और प्रदेश डार्क जोन की स्थिति से बाहर आ सके।

### 86 जोन को डार्क जोन से बाहर करेंगे

दक्षिण हरियाणा के लोग ज्यादा फसल की पैदावार ले रहे हैं। इसी तर्ज पर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी किसानों को टपका सिंचाई प्रणाली को अपनाना चाहिए और अटल भूजल योजना के तहत तालाब बनाकर पानी का संरक्षण करना चाहिए। प्रदेश सरकार ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री के समक्ष 86 जोन को डार्क जोन से बाहर निकालने के लिए अटल भूजल योजना के तहत तालाब बनाने का प्रस्ताव रखा है और केंद्रीय जल मंत्री ने इस प्रस्ताव की अनुमति भी दे दी है।

## मोदी ने मन की बात में हरियाणा की चर्चा की

# टेक्सटाइल वेस्ट से निपटने का ग्लोबल हब बन रहा पानीपत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने 'मन की बात' कार्यक्रम के 120वें एपिसोड में हरियाणा की टैक्सटाइल नगरी पानीपत की जमकर चर्चा एवं प्रशंसा की। पीएम ने टैक्सटाइल वेस्ट के विषय पर कहा कि पानीपत टैक्सटाइल वेस्ट से निपटने में ग्लोबल हब बन रहा है। पानीपत रदी कपड़ों रिसाइकल यानी फिर से उपयोग में लाने लायक बनाने के मामले में वैश्विक केंद्र के रूप में सामने आया है। इस मामले में कुछ शहर भी अपनी नई पहचान बना रहे हैं। पानीपत रदी कपड़ों को फिर से इस्तेमाल में लाने के मामले में वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा है। इस प्रोत्साहन को लेकर सीएम नायब सैनी ने पीएम मोदी का आभार जताया है।



■ रद्दी कपड़ों को फिर से उपयोग में लाने लायक बना रहा

■ इस मामले में वैश्विक केंद्र के रूप में सामने आया

### पीएम मोदी ने दी खिलाड़ियों को बधाई

पीएम मोदी ने कहा, 'मैं खेलो इंडिया पैरा गेम्स में हिस्सा लेने वाले सभी दिव्यांग खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रयासों के लिए बधाई देता हूं। हरियाणा, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने के लिए शुभकामनाएं देता हूं। इन खेलों के दौरान हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों ने 18 राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाए। जिनमें से 12 तो हमारी महिला खिलाड़ियों के नाम रहे।'

### फिटनेस पर भी की बात

मोदी ने फिटनेस पर भी बात की। उन्होंने दिल्ली में हुए एक आयोजन का जिक्र करते हुए कहा, 'दिल्ली में एक भव्य आयोजन ने लोगों को बहुत प्रेरणा दी है, जोश से भर दिया है। एक इनोवेटिव आइडिया के रूप में पहली बार फिट इंडिया कार्निवाल का आयोजन किया गया। इसमें अलग अलग क्षेत्रों के करीब 25 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। इन सभी का एक ही लक्ष्य था- फिट रहना और फिटनेस को लेकर जागरूकता फैलाना।'

(पेज 7 भी देखें)

## संसदीय समिति ने संसद में पेश की 145वीं रिपोर्ट, दावा

# अफसरों के ट्रांसफर जरूरी, एक जगह रहने से बढ़ता है भ्रष्टाचार

**नई दिल्ली (भाषा)।** संसदीय समिति ने केंद्र सरकार को सौंपी अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि अधिकारियों के लंबे समय तक एक ही जगह पदस्थ रहने से भ्रष्टाचार बढ़ता है। यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय किए जाने चाहिए कि वे किसी भी मंत्रालय में निर्धारित समय सीमा से अधिक न बने रहें। अधिकारियों का समय-समय पर ट्रांसफर किया जाना जरूरी है। कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय पर विभाग-संबंधित संसदीय स्थायी समिति ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) से संबंधित अनुदान की मांगों (2025-26) पर 27 मार्च को संसद में पेश अपनी 145वीं रिपोर्ट में कहा कि सभी अधिकारियों के लिए 'बारी-बारी से स्थानांतरण' की नीति रही है, लेकिन इसे पूरी तरह से लागू नहीं किया जा रहा है।

**सभी अधिकारियों के लिए रोटेशन नीति है लेकिन लागू नहीं की**

### यह भी कहा रिपोर्ट में

■ रिपोर्ट में कहा गया कि ऐसे अधिकारी भी हैं जो संभावित रूप से अनुकूल मंत्रालयों या स्थानों पर 8-9 वर्षों से अधिक समय से तैनात हैं, विशेष रूप से आर्थिक एवं संवेदनशील मंत्रालयों में, जबकि संगठनों के प्रमुखों को चार-पांच बार बदला जा चुका है।

■ इस प्रवृत्ति का आकलन करें। ऐसे उदाहरण सामने आए हैं जहां अधिकारियों ने 'अपनी तैनाती में इस तरह से चतुराई दिखाई है कि उनका पूरा कार्यकाल एक ही मंत्रालय में रहा है और इसलिए ऐसी खामियों को बिना किसी देरी के दूर किया जाना चाहिए।'

# हिमाचल में लैंडस्लाइड में 4 कारें दबीं, 6 की मौत

**मरने वालों में 3 टूरिस्ट, 5 लोग मलबे में दबे, मणिकर्ण गुरुद्वारे के पास तूफान में पेड़ गिरने के बाद मिट्टी ढही**

**पतलीकूहल/कुल्लू(भाषा)।** हिमाचल प्रदेश के मणिकर्ण में गुरुद्वारे के पास रविवार शाम 4 बजे पहाड़ी से लैंडस्लाइड हो गया। ये लैंडस्लाइड तेज तूफान के कारण भारी भरकम पेड़ के गिरने से हुआ। पेड़ सड़क पर पहले से ही खड़ी करीब 5-6 गाड़ियों के ऊपर गिरा। जिससे 6 लोगों की मौत हो गई, इनमें 3 टूरिस्ट थे। इसके अलावा 4 से 5 लोग मलबे में दब गए थे, प्रशासन और पुलिस ने फौरन रेस्क्यू कर इन्हें बाहर निकाला और स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से गंभीर रूप से घायलों को कुल्लू रेफर कर दिया गया। वहीं, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने गहरा दुख प्रकट किया है। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से 6 लोगों के शव निकाल लिए हैं। जानकारी के अनुसार मृतकों में 1 ढाबा संचालक, 3 टूरिस्ट और एक ग्रामीण शामिल हैं। दरअसल, जिस जगह पर यह हादसा हुआ है वहां पर छोटा सा बाजार है, यहां कुछ लोग खरीदारी कर रहे थे और कुछ लोग अपनी गाड़ियों में बैठे हुए थे। तभी अचानक तूफान आ गया।




### पराली जलाने से रोकने की मांग सुप्रीम कोर्ट में खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने को नियंत्रित करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। याचिका में पंजाब और हरियाणा सरकार को पराली जलाने पर नियंत्रण करने के लिए सख्त कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई थी। जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा, 'इस अदालत ने पराली जलाने के मुद्दे पर कई आदेश पारित किए हैं और अभी भी मामले पर विचार किया जा रहा है, तो हम विभिन्न पक्षों को इस मामले में हस्तक्षेप और निर्देश के लिए आवेदन दायर करने की इजाजत नहीं देना चाहते हैं। इसलिए आवेदन खारिज किया जाता है।'

#### याचिका में क्या कहा

पर्यावरण कार्यकर्ता विक्रांत तोंगड़ ने यह याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि अप्रैल-मई में पराली जलाने से उत्पन्न प्रदूषण से न केवल दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है, बल्कि उन राज्यों के लोगों के स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचता है, जहां पराली जलाई जाती है।

### मणिपुर समेत 3 राज्यों में अफस्पा 6 माह बढ़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम (अफस्पा) को छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय के मुताबिक, मणिपुर में जारी हिंसा के कारण कानून व्यवस्था की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया।

(पेज 8 भी देखें)



## खबर संक्षेप

### प्रदेश में आज रहेगा प्रतिबंधित अवकाश

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने 31 मार्च को ईद-उल-फितर के अवसर पर राजपत्रित अवकाश के स्थान पर अनुसूची-II के तहत प्रतिबंधित अवकाश घोषित किया है, क्योंकि यह वित्तीय वर्ष 2024-2025 का अंतिम दिन है। इस संबंध में हरियाणा सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना में आगे कहा गया है कि यदि किसी कर्मचारी ने अपनी प्रतिबंधित छुट्टियां पहले ही समाप्त कर ली हैं, तो उसे अतिरिक्त प्रतिबंधित अवकाश की अनुमति दी जाएगी। इसके अलावा, यदि कुछ निजी कार्यालय/संस्थान सार्वजनिक कार्यालयों के लिए निर्धारित राजपत्रित अवकाशों की सूची का पालन करते हैं, तो ऐसे सभी कार्यालय/संस्थान 31 मार्च, 2025 को अवकाश के रूप में मनाएंगे।

### श्री श्याम फाउंडेशन ने लगाया भंडारा



पंचकूला। नवरात्रि के पावन अवसर की शुरुआत पर श्री श्याम करुणा फाउंडेशन ने अपने 158वें अन्न भंडारे का आयोजन किया। यह आयोजन पंचकूला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1 में फाउंडेशन के संस्थापक एवं पंचकूला के प्रमुख समाजसेवी अमिताभ रूंगटा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अमिताभ रूंगटा ने नवरात्रि में अन्न भंडारा लगाने के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर अन्न भंडारा आयोजित करना न केवल पुण्य का काम है, बल्कि यह समाज में सेवा और परोपकार की भावना को भी प्रबल करता है।

### नंदीशाला में यज्ञ कर नंदियों को खिलाया चारा

पंचकूला। नंदी गौ सेवा सदन और आर्य समाज की ओर से नवरात्रि के अवसर पर गांव कोट नंदीशाला में हवन यज्ञ, भजन का आयोजन किया गया। नंदी गौ सेवा सदन के प्रधान दीपक गर्ग ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल का स्वागत किया। कुलभूषण गोयल ने हवन यज्ञ में भाग लिया और आहूतियां डाली। महापौर ने कहा कि मानव एवं प्रकृति के साथ सन्तुलन बनाने के लिए पशुओं का इस पृथ्वी पर रहना बहुत ही आवश्यक है। पशुओं से हमें दूध मिलता है व बैल खेतों में कृषि के काम में आते है।

## मुख्यमंत्री ने सोनीपत हॉफ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# प्रदेश को ड्रग फ्री बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को एकजुट होना होगा : नायब सिंह

■ मुख्यमंत्री ने ट्रैकसूट पहनकर युवाओं के साथ लगाई दौड़, वरिष्ठ नागरिक भी जोश के साथ भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को सोनीपत के दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित सोनीपत हॉफ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हॉफ मैराथन में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों का मुख्य लक्ष्य प्रदेश को नशे के खिलाफ जागरूक करना है ताकि हरियाणा को नशामुक्त बनाया जा सके। उन्होंने पूरे समाज को नशे के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समस्त प्रदेशवासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं भी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दौड़ मिलकर चलने की प्रेरणा देने वाली, हमें खेलों के प्रति जागरूकता पैदा करने और नशे के खिलाफ पूरे समाज को लामबंद करने वाली दौड़ है। इस तरह के आयोजनों से न केवल सामाजिक जागरूकता आती है बल्कि हम सभी के अंदर उत्साह और उमंग का संचार भी होता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं, स्वस्थ समाज देश-प्रदेश के विकास व उत्थान की पहली सीढ़ी है। स्वस्थ समाज के लिए जरूरी है कि उसमें कुरीतियां न हो और वह नशे जैसी बुराई से मुक्त हो। इसी उद्देश्य से हमने प्रदेश में खेल सुविधाओं का विस्तार किया है। खेलों को बढ़ावा दिया है। युवाओं और सभी नागरिकों को नशे की बुराई से दूर रखने का अभियान भी चलाया है। यह मैराथन इसी अभियान की एक कड़ी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूरे प्रदेश में मैराथन और राहगिरी का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों से आमजन को फिटनेस के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 29 अगस्त, 2019 को फिट इंडिया कार्यक्रम शुरू किया था ताकि आमजन अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने फिट इंडिया कार्यक्रम शुरू करके फिटनेस को आमजन की जीवन शैली का अभिन्न अंग बना दिया है। इसके साथ-साथ भारत ने

■ राहगिरी से युवाओं को फिटनेस के प्रति किया जा रहा जागरूक





### नशे पर निरंतर प्रहार कर रही सरकार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार निरंतर नशे पर प्रहार कर रही है। संतों, महात्माओं, स्वयंसेवी संस्थाओं और नागरिक संस्थाओं के साथ मिलकर नशे के खिलाफ काम कर रहे हैं। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलों को बढ़ावा दे रहे हैं। नशा मुक्ति व पुनर्वास के लिए गांव व वार्ड स्तर से लेकर राज्य स्तर तक मिशन टीमों का गठन किया जा चुका है। धाकड़ कार्यक्रम को कॉलेज, यूनिवर्सिटी और शैक्षणिक संस्थाओं के स्तर पर शुरू किया गया है।

### मैराथन में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने लिया हिस्सा

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बड़ी खुशी की बात है कि मैराथन में पूरे शहर से हजारों लोगों ने हिस्सा लिया है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने मैराथन में हिस्सा लिया है। 60 साल से 80 साल की आयु वाले वरिष्ठ नागरिकों ने भी खूब दौड़ लगाई, उनका उत्साह दूसरों को भी प्रेरणा देता है। उन्होंने 21 10 व 5 किमी. के विजेताओं को सम्मानित किया।

### छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

हॉफ मैराथन के दौरान छात्रों ने अलग-अलग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। गायक एमडी ने नशे के खिलाफ गाने प्रस्तुत किए। अलग-अलग स्कूलों की टीम पहुंची, जिन्होंने सर्वप्रथम सरस्वती वंदना से शुरूआत की और अन्य गीतों पर प्रस्तुतियां दी। राई स्पोर्टस स्कूल के विद्यार्थियों ने जिमनास्टिक की प्रस्तुति भी दी।इस मौके पर कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, विधायक निखिल मदान,धायक पवन खरखौदा, विधायक देवेंद्र कादियान, मेयर राजीव जैन सहित अन्य मौजूद रहे।

## नेता प्रतिपक्ष न होने से कई नियुक्तियां लटकी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा का बजट-सत्र बिना नेता विपक्ष के निकल गया है। आने वाले वक्त में कांग्रेस कब तक नेता विपक्ष का चेहरा तय करेगी, अभी इसका समय तय नहीं है, लेकिन नेता विपक्ष नहीं होने के कारण विपक्ष की गाड़ी तो अटकी हुई है, वहीं सरकार के भी कुछ कामकाज और नियुक्तियों पर प्रतिकूल प्रभाव हो रहा है।

जानकारी अनुसार हरियाणा में नेता विपक्ष के नियुक्ति को लेकर केवल विपक्ष की ही नहीं बल्कि सरकार को भी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। कांग्रेस की गुटबाजी और आपसी खींचतान के कारण यह मामला लंबा लटकता जा रहा है। कयास लगाए जा रहे थे कि हरियाणा विधानसभा का पहला बजट सत्र नेता विपक्ष का नाम तय हो जाने के बाद बड़ा मजेदार रहेगा लेकिन बेहद लंबा बजट सत्र निकल गया और कांग्रेस की ओर से नेता विपक्ष का नाम तय नहीं हो सका है। यह अलग बात थी कि हरियाणा विधानसभा के अंदर इस बार इशारों ही इशारों में कांग्रेसी विधायकों ने साफ कर दिया कि उनके नेता पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा हैं । कुल मिलाकर पूरा बजट सत्र निकल गया और 28 मार्च को इसकी समाप्ति हुई लेकिन नेता विपक्ष का नाम तय नहीं हो सका।

### कई विश्वविद्यालयों में नियुक्तियां उलझी

हरियाणा में सूचना आयुक्त के आधा दर्जन पद खाली पड़े हैं। इसके अलावा हरियाणा के कई विश्वविद्यालय में नियुक्तियां होनी हैं, इसमें भले वाइस चांसलर की नियुक्ति का मामला हो या फिर अन्य कोई नेता विपक्ष के साथ भी विचार विमर्श और सहमति ली जाती है। इसी प्रकार से सर्वदलीय बैठकों में नेता विपक्ष की अहम भूमिका होती है। कई मौकों पर राज्य सरकार नेता विपक्ष को विश्वास में लेकर चलती है लेकिन हरियाणा में लंबे वक्त से कांग्रेस नेता विपक्ष का चेहरा तय नहीं कर पा रही है, जिसका असर मात्र विपक्ष पर ही नहीं बल्कि सरकार पर भी नजर आने लगा है। जानकारों का कहना है कि नेता विपक्ष की नियुक्ति तक सूचना आयुक्त की नियुक्तियां भी अधर में लटकी रहेंगी, या फिर सरकार पूर्व नेता विपक्ष हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को ही चेहरा मानकर इस पर मंथन कर आगे बढ़ सकती है।

### केंद्रीय मंत्री नड्डा से मिले विज



नई दिल्ली। प्रदेश के परिवहन मंत्री अनिल विज ने रविवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं ने हरियाणा में चल रहे विकास कार्यों पर चर्चा की।

## ...पुरस्कार मुंह पर मारने की बात करने वाले अब पैसे के लिए गिड़गिड़ा रहे

■ योगेश्वर दत्त का इशारों- इशारों में विनेश फौगाट पर हमला




चंडीगढ़। ओलंपिक पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त ने इशारों इशारों में पहलवान और अब विधायक बन चुकी विनेश फोगाट पर हमला किया है.। हरियाणा सरकार की ओर से पहलवान विनेश फोगाट को ऑफर दिए जाने को लेकर योगेश्वर विनेश पर तंजः बोले-समय बहुत बलवान, मुंह पर मारने की बात करने वाले पैसे के लिए गिड़गिड़ा रहे। यहां पर उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन करने वाली विनेश फोगाट में एक दौर में सम्मान की राशि और पदक लौटाने की बात कही थी । उसे समय अच्छा खासा ड्रामा और सियासी हमला भी कांग्रेस की ओर से किया था अब विनेश कांग्रेस की टिकट पर जुलाना सीट से विधायक हैं। इसी क्रम में पहलवान योगेश्वर दत्त में इशारों इशारों में विनेश फोगाट पर हमला बोला है।

## स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के नाम पर केंद्र ने जनता को गुमराह किया : सैलजा



■ 100 शहर स्मार्ट सिटी बने नहीं, केंद्र ने बंद कर दिया स्मार्ट सिटी मिशन

चंडीगढ़। सांसद सैलजा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार योजनाओं के नाम पर देश की जनता को गुमराह करती आई है, पहले कहा गया कि देश के 100 शहरों को स्मार्ट सिटी बनाया जाएगा जिसमें हरियाणा के फरीदाबाद और करनाल को भी शामिल किया गया, प्रदेश सरकार ने हाल फिलहाल घोषणा की थी कि सात शहरों को भी स्मार्ट सिटी बनाया जाएगा तो दूसरी ओर सांसद द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री तोखन साहू ने संसद में स्पष्ट कहा है कि अब इस योजना 04 मार्च 2025 तक ही थी। देश के चुने गए 100 शहर तो स्मार्ट सिटी बन नहीं पाए ऊपर से सरकार दावा कर रही है कि इस योजना पर 48000 करोड़ की राशि खर्च की गई।

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि यूपीए सरकार में शहरों के समुचित विकास को लेकर जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण मिशन के नाम से योजना शुरू की गई थी। बाद में मोदी सरकार ने इस योजना का नाम स्मार्ट सिटी मिशन कर दिया।

जिसका उद्देश्य शहरों को बेहतर बुनियादी सुविधाओं और स्मार्ट समाधानों से लैस करना है, जिससे नागरिकों का जीवन स्तर सुधर सके और शहर स्वच्छ व टिकाऊ बनें। शहरों को स्मार्ट बनाने के लिए बुनियादी ढांचे और सेवाओं में सुधार करना, जिससे नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर मिले। इसके लिए केंद्र सरकार शहरों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

## पेंशन धारकों के साथ अन्याय कर रही सरकारः लांबा



चंडीगढ़। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा नीत एनडीए सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों के लाभों से 31 दिसंबर,2025 तक पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशन भोगियों को पेंशन संशोधन के अधिकार से वंचित कर दिया है। जिसको लेकर करोड़ों पेंशन भोगियों में केंद्र सरकार के इस तानाशाही पूर्ण फैसले के खिलाफ आक्रोश की लहर दौड़ गई है। राज्य कर्मचारियों के देश के प्रमुख संगठन अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने भाजपा नीत एनडीए सरकार द्वारा लिए इस फैसले को पेंशनर्स के साथ क्रूर मजाक बताते हुए घोर निन्दा की है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकारी कर्मचारी और पेंशनर्स इस फैसले के खिलाफ देशभर में विरोध कार्यवाहियां करके इसका माकूल जवाब देंगे । उन्होंने कहा कि केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं केन्द्र एवं राज्य सरकार के कर्मचारियों की अखिल भारतीय फेडरेशन के आह्वान पर 20 मई को होने वाली राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को जन अभियान बनाया जाएगा।

## निर्धारित स्थान पर कचरा न डालने पर होगी कार्रवाई



पंचकूला। नगर निगम पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने सेक्टर 7 और 15 में बने द्वितीयक कचरा संग्रहण बिंदु का निरीक्षण किया। उनके साथ पार्षद जय कौशिक एवं स्थानीय लोग थे। जय कौशिक ने बताया कि शहर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए गाड़ियां लगा रखी है, लेकिन कुछ निजी रेहड़ी वाले भी बिना परमिशन घरों से कूड़ा एकत्रित करके सेक्टर 15 आयरन मार्केट के पास खाली जगह में गिरा देते थे, जिसके कारण लोगों को काफी बदबू आती थी और गंदगी रहती थी। इस संबंध में महापौर कुलभूषण गोयल से द्वितीयक कचरा संग्रहण बिंदु बनाने का आग्रह किया था। महापौर के हस्तक्षेप के बाद सेक्टर 15 में द्वितीयक कचरा संग्रहण बिंदु बन गया है। महापौर ने बताया कि अब रेहड़ी वालों को इस प्वाइंट के अंदर ही कूड़ा गिराना होगा, ऐसा न करने पर कार्रवाई की जाएगी।

लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल

# डीजीसीए ने हिसार एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर जताई नाराजगी, बिना नींव बना दी 180 करोड़ की बाउंड्री वॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा के पहले एयरपोर्ट, हिसार एयरपोर्ट के निमार्ण कार्यों में राज्य के लोक निर्माण विभाग की बड़ी लापरवाही व भ्रष्टाचार सामने आया है। ऐसे में अब एयरपोर्ट के कामकाज से लोक निर्माण विभाग की छुट्टी कर दी गई है। बताया जा रहा है कि केन्द्रीय नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरपोर्ट पर लोक निर्माण विभाग की ओर से किए गए कार्यों पर नाराजगी जाहिए की है, जिसके चलते विभाग को अब यहां के कार्यों से अलग कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि डीजीसीए अधिकारियों ने निर्देश दे डाले हैं कि हरियाणा सरकार के अधीन लोक निर्माण विभाग को एयरपोर्ट पर अब कोई काम न दिया जाए। इसके बाद अब सारा काम एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) अपनी ही निगरानी में कराएगा। हिसार के इस एयरपोर्ट पर अधिकतर काम पिछली गठबंधन सरकार में हुआ है और तत्कालीन डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के पास यह लोक निर्माण विभाग था। जांच में पता चला कि बाउंड्री वॉल और रनवे का काम भी उनके समय में हुआ। सूत्रों का कहना है कि डीजीसीए की रिपोर्ट में बाउंड्री वॉल, रनवे, इंस्पेक्शन रोड आदि को मानकों के अनुरूप नहीं बताया गया। हालात यह थे कि 180 करोड़ रुपए से बनी बाउंड्री वॉल की नींव ही नहीं भरी गई। हालांकि लोक निर्माण विभाग का कहना है कि उनके काम में किसी तरह की कोई कमी नहीं है और ये बाउंड्री वॉल 22 करोड़ में बनाई गई है।

■ अब बाकी बचे सभी काम एएआई अपने अधीन करवाएगी

■ तत्कालीन डिप्टी सीएम दुष्यंत की देखरेख वाले विभाग ने किया कारनामा



### अकेले बाउंड्री वॉल पर खर्च कर दिए 180 करोड़

हैरानीजनक बात यह है कि लोक निर्माण विभाग ने ने बाउंड्री वॉल पर 180 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च कर दी। एयरपोर्ट की 7200 एकड़ जमीन के चारों तरफ चारदीवारी बनाई जानी थी। इससे पहले 18 करोड़ की लागत से अस्थायी चारदीवारी बनाई गई थी, जिसकी ऊंचाई करीब 8 फुट रखी गई। बताया जा रहा है कि अस्थायी वॉल को ही परमानेंट वॉल बनाने के लिए उपयोग कर लिया गया। डीजीसीए दीवार देखकर नहीं समझ पा रहा है कि 180 करोड़ की राशि कहां खर्च की गई? एयरपोर्ट के चारों ओर बिना नींव भरे ही आर्टिफिशियल दीवार खड़ी कर दी गई। अब हालात ये हैं कि बाउंड्री वॉल के नीचे से जंगली जानवर एयरपोर्ट में घुस रहे हैं।

### पीएम का आगमन नजदीक, अब भर रहे नींव

हिसार एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा को लेकर एजेंसियां चिंतित है। उनका यहां 14 अप्रैल को आने का कार्यक्रम है और एयरपोर्ट के अंदर जंगली जानवर घूम रहे हैं जो बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। इसके लिए अब हिसार एयरपोर्ट की दीवार के नीचे की नींव को बनाने का काम शुरू हो गया है। यह नींव करीब दो फीट की बनाई जा रही है ताकि अंदर वन्य जीव न आ सकें। वहीं, प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व एएआई सभी वन्य जीवों को हिसार एयरपोर्ट की चारदीवारी से बाहर निकालने में लगी हुई है।

**हिसार एयरपोर्ट का फ्लाइट शेड्यूल एक दिन बादः** डीजीसीए की ओर से लाइसेंस मिलने के बाद हिसार एयरपोर्ट के हवाई संचालन के लिए समर शेड्यूल तैयार किया जा रहा है। यह शेड्यूल 31 मार्च तक बनकर तैयार हो जाएगा। एक अप्रैल से 30 सितंबर तक शेड्यूल लागू होगा। उससे पहले 2 दिन पहले ही हिसार एयरपोर्ट पर ट्रायल किया गया। इस दौरान हिसार से दिल्ली का एयर स्पेस चेक किया गया। इसमें एयरपोर्ट से एटीआर विमानों ने उड़ान भरी।

### हमारे काम में कोई कमी नहीं : भाटी

बाउंड्री बाल मामले में विभाग के कार्यकारी अभियंता का कहना है कि हिसार एयरपोर्ट की बाउंड्री वॉल पर 22 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। एयरपोर्ट पर पीडब्ल्यूडी ने करीब 362 करोड़ रुपए के काम किए। इनमें रनवे, टैक्सी वे, एप्रेन, फ्यूल टैंक, इंटरनल रोड सहित कई काम शामिल हैं।बाउंड्री वॉल एयरपोर्ट अथॉरिटी की गाइडलाइन के हिसाब से ही बनाई गई है। हिसार एयरपोर्ट राजकीय पशुधन फार्म, हिसार (जीएलएफ) की जमीन पर बनाया गया है, इसलिए यहां अभी भी जंगली जानवर घूम रहे हैं। इनको देखते हुए एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल के नीचे नींव बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर विभाग के काम में कोई कमी होती तो डीजीसीए कभी लाइसेंस नहीं देती। वह काम से संतुष्ट थी तभी लाइसेंस जारी किया गया। यहां जितने भी काम हुए हैं वो सेट किए गए पैरामीटर के हिसाब से ही पूरे हुए हैं।

## महिला ने मनचले को धुना, वीडियो वायरल

■ बार-बार फोन कर युवक कर रहा था परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

शहर के करनाल रोड पर एक महिला की ओर से युवक की चप्पलों से पिटाई का वीडियो वायरल हुआ है। इसी वीडियो में महिला ने युवक पहले चप्पल मारी और फिर बाद में उसके परिजनों ने थप्पड़ मारे। दरअसल, यह वीडियो शनिवार शाम का बताया जा रहा है। वीडियो को लेकर महिला का आरोप है कि युवक ने उसे फोन करके बार-बार परेशान किया। उसने उसे कई बार रोका, लेकिन वह नहीं माना। इस घटना की सूचना मिले ही डायल 112 की गाड़ी मौके पर पहुंची। युवक को पकड़ कर सिविल लाइन थाना ले गई। महिला ने पुलिस को बताया कि पूछताछ में पता चला कि वह युवक चंदाना का निवासी है और नशा किए हुए था।महिला ने यह बात अपने घर बताई और जब युवक ने फोन कर महिला को करनाल रोड सेक्टर 18 के पास बुलाया तो महिला ने वहां पहुंचते ही गुस्से में युवक की चप्पल से जमकर पिटाई की। इसके बाद युवक सड़क पर सिर के बल गिर गया। घटना को देख आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं पिटाई के बाद महिला ने उस युवक का फोन निकाल कर परिजनों के साथ उसकी बाइक को लेकर थाने पहुंच गए। पुलिस युवक को भी थाने में ले गई। सिविल लाइन थाना एसएचओ शिवकुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। शिकायत के आधार पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।



■ महिला ने युवक को पुलिस को हवाले किया, जांच जारी

**सुविचार**

अगर एक हारा हुआ इंसान हारने के बाद भी 'मुस्कारा' दे! तो जीतने वाला भी जीत की खुशी खो देता है ये है मुस्कान की ताकत। - *अज्ञात*

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



5 पूनिया और उदित को रजत, दिनेश को कांस्य

## हरिभूमि का 14वां कवि सम्मेलन

एमडीयू में सजी कवियों की महफिल, श्रोताओं से खचाखच भरा रहा सभागार, कार्यक्रम सम्पन्न होने तक बजती रही तालियां

# मदवि के ऑडिटोरियम में कवियों ने खूब गुदगुदाया, जमकर लगे ठहाके, तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा सभागार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (मदवि) के टैगोर ऑडिटोरियम में रविवार को हरिभूमि का 14वां कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। श्रोताओं से खचाखच भरे ऑडिटोरियम में कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। शुरूआत में सभी कवियों ने मां सरस्वती की आराधना की और अपनी कविताएं पेश की। उन्होंने सबसे पहले श्रोताओं को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। गीतकार, हास्य, व्यंग्य और वीर रस के कवियों ने अपनी कविताओं से समां बांध दिया और दर्शकों का मन मोह लिया। तालियों की गड़गड़ाहट से ऑडिटोरियम का सभागार गूंजता रहा। कार्यक्रम समापन तक श्रोताओं ने कविताएं सुनीं। देश प्रेम की कविताओं पर युवाओं में जोश देखने को मिला। कवि सम्मेलन में रसिक गुप्ता ने मंच सम्भालते हुए कविताओं की शुरूआत की। उन्होंने कवियों का परिचय भी करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भिवानी से सांसद धर्मबीर सिंह ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि मेयर रामअवतार वाल्मीकि और एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन रहे।



रोहतक। मंच पर प्रस्तुति देते हास्य व्यंग्य के कवि डॉ. सुनील जोगी, मंच पर मौजूद हास्य रस के कवि डॉ. सर्वेश अस्थाना, हेमन्त पाण्डेय, वीर रस के कवि डॉ. अर्जुन सिसोदिया, गीतकार पद्मिनी शर्मा और हास्य रस के कवि एवं मंच संचालक डॉ. रसिक गुप्ता और सभागार में मौजूद श्रोतागण। *फोटो : हरिभूमि*

### इन कवियों ने गुदगुदाया व जोश भरा

- हास्य व्यंग के कवि डॉ. सुनील जोगी, हास्य रस के कवि डॉ. सर्वेश अस्थाना, वीर रस के कवि डॉ. अर्जुन सिसोदिया, हास्य रस के कवि हेमन्त पाण्डेय और डॉ . रसिक गुप्ता एवं गीतकार पदमिनी शर्मा ने शानदार प्रस्तुति पेश की।
- गीतकार पदमिनी शर्मा ने सम्मेलन में गीत गाया नजर नजर से मिली और कमाल होने लगा, ब्यान आंखों से सब दिल का हाल होने लगा। अब इससे बढ़के महोब्बत का असर क्या होगा, आपके ख्याल से चेहरा गुलाल होने लगा। मिले न चैन तुम्हे हाल ए दिल बताए बिना। तुम्हारा जिक्र ही आया तुम्हारे आए बिना, गुलाल गाल पर दिखने लगा लगाए बिना।
- डॉ अर्जुन सिसौदिया ने कविता पेश की कि युद्ध नहीं, जिनके जीवन में वे भी बड़े अभाव में होंगे। या तो प्रण तोड़ा होगा या रण से भागे होंगे। उन्होंने चंद्रशेखर आजाद पर कविता पढ़ी कि आजाद वहीं जो तन मन से भारत मां का अनुरागी था। आजाद वहीं जिसने आजादी का सपना आबाद रखा। प्रण याद रहे आजादी का, इसलिए उसने अपना नाम आजाद रखा।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, राज्य सूचना आयुक्त डॉ कुलबीर छिक्कारा, श्याम इंडस पावर सोल्यूशन्स प्रा.लि. के प्रबंध निदेशक मेजर सत्यपाल सिंधु, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर और पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, सिविल सर्जन डॉ. रमेश चन्द्र, राजेश सहगल, व्यावसायी राजेंद्र बंसल, डॉ. राजेश रोहिल्ला, जिला बार एसो. के प्रधान दीपक हुड्डा और अंशुल पठानिया सम्मेलन में मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### इंडिगो पर 944 करोड़ का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने एयरलाइन कंपनी इंडिगो पर 944.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इंडिगो ने जुर्माना लगाने के आदेश को 'त्रुटिपूर्ण' बताते हुए कहा है कि वह इसे चुनौती देगी। यह आदेश देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन को शनिवार को मिला। भाषा



### गुलवीर ने अमेरिका मीट में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली।** भारत के लंबी दूरी के रनर गुलवीर सिंह ने अमेरिका में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर की द टेन प्रतियोगिता में 10,000 मीटर दौड़ में 27 सेकेंड का समय लेकर अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया है। हांग्जो एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता धावक के नाम पिछला रिकार्ड 27:14 सेकेंड का था, जो उन्होंने पिछले वर्ष नवंबर में जापान के हाचियोजी में बनाया था। उत्तर प्रदेश के रहने वाले गुलवीर पिछले साल 13:11.82 सेकेंड के समय के साथ 5,000 मीटर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया था। भाषा

### ईरान ने अमेरिका से सीधी वार्ता से किया इनकार

**दुबई।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि इस्लामी गणतंत्र ने उसके तेजी से बढ़ रहे परमाणु कार्यक्रम को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पत्र के जवाब में अमेरिका के साथ सीधी बातचीत को खारिज कर दिया है। ट्रंप ने तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर चिंता जताते हुए हाल में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई को पत्र भेजा था।

## पीएम बनने के 11 साल बाद आरएसएस मुख्यालय पहुंचकर बोले मोदी

# संघ भारतीय संस्कृति का वट वृक्ष स्वयंसेवक का जीवन नि:स्वार्थ

भाषा ▶▶| नागपुर

प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने के 11 साल बाद पहली बार नागपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) मुख्यालय पहुंचे नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आरएसएस को भारत की अमर संस्कृति का 'वट वृक्ष' बताया। मोदी नागपुर में आरएसएस मुख्यालय का दौरा करने वाले दूसरे प्रधानमंत्री हैं। आरएसएस के एक पदाधिकारी ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्ष 2,000 में अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान यहां का दौरा किया था। यह मोदी का भी शीर्ष पद पर तीसरा कार्यकाल है। मोदी नागपुर में सुबह आरएसएस मुख्यालय में डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा किया और संघ के संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वह दीक्षाभूमि भी गए, जहां डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। मोदी ने माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला भी रखी।

**हम देव से देश और राम से राष्ट्र का मंत्र लेकर चल रहे**

**संघ के माधव नेत्रालय में इमारत की आधारशिला रखी**

**2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य लेकर चल रहे**



नागपुर। पीएम मोदी और मोहन भागवत ने आरएसएस संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार को श्रद्धांजलि दी। *फोटो : एजेंसी*

### आरएसएस सेवा का पर्याय

मोदी ने 'माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर' की आधारशिला रखने के बाद कहा, 'आरएसएस के स्वयंसेवक देश के विभिन्न क्षेत्रों एवं हिस्सों में नि:स्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं।' यह विशाल वटवृक्ष कोई साधारण वटवृक्ष नहीं है। आरएसएस सेवा का पर्याय है। पिछले 100 वर्षों में आरएसएस के अपने संगठन के साथ की गई 'तपस्या' का फल मिल रहा है, क्योंकि देश 2047 में 'विकसित भारत' के लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है।

### युवा आत्मविश्वास से भरे

मोदी ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी पूंजी हमारा युवा है। देश का युवा आत्मविश्वास से भरा हुआ है। उसकी रिस्क-टेकिंग कैपेसिटी पहले से कई गुना बढ़ चुकी है। वह इनोवेशन कर रहा है, स्टार्टअप की दुनिया में परचम लहरा रहा है। अपनी विरासत और संस्कृति पर गर्व करते हुए आगे बढ़ रहा है। महाकुंभ में हमने देखा कि लाखों-करोड़ों की संख्या में युवा पीढ़ी पहुंची और सनातन परंपरा से जुड़कर गौरव से भर उठी।

### भारत अब मदद करने का केंद्र

मोदी ने कहा कि 'वसुधैव कुटुंबकम' का मंत्र आज विश्व के कोने-कोने में गूंज रहा है। जब कोविड जैसी महामारी आती है, तो भारत विश्व को परिवार मानकर वैक्सीन उपलब्ध कराता है। दुनिया में कहीं भी प्राकृतिक आपदा हो, भारत सेवा के लिए तत्पर रहता है। म्यांमार में भूकंप आया तो भारत ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत तुरंत मदद के लिए पहुंच गया। नेपाल में भूकंप हो, मालदीव में जल संकट हो, भारत ने सहायता देने में क्षणभर की भी देर नहीं की। युद्ध के हालात में भी भारत दूसरे देशों के नागरिकों को सुरक्षित निकालकर लाता है। भारत अब ग्लोबल साउथ की आवाज भी बन रहा है। विश्व में बंधुत्व और सेवा की यह भावना हमारे संस्कारों का ही विस्तार है।

# छत्तीसगढ़ में 50 नक्सलियों का सरेंडर, 14 पर 68 लाख इनाम

## सीआरपीएफ एवं डीआरजी के सामने हथियार डाले

भाषा ▶▶| बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को 50 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया। इनमें से 14 नक्सलियों पर 68 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने (नक्सलियों ने) राज्य पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने हथियार डाल दिए। बीजापुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव ने कहा, 'नक्सलियों ने खोखली और अमानवीय माओवादी विचारधारा, प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के वरिष्ठ नेताओं द्वारा आदिवासियों के शोषण और आंदोलन के भीतर पनप रहे मतभेदों का हवाला देते हुए आत्मसमर्पण किया है।

### इसलिए प्रभावित हुए

नक्सली सुरक्षाबलों द्वारा शिविर लगाए जाने और 'निया नेल्लनार' (आपका अच्छा गांव) योजना से भी प्रभावित हैं, जिसके तहत बल और प्रशासन दूरदराज के इलाकों में बुनियादी सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं।' यादव ने कहा, 'आत्मसमर्पण करने वाले 50 लोगों में से छह पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम था। इनमें से तीन पर पांच-पांच लाख रुपये तथा पांच पर एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

## अमित शाह ने की नक्सलियों के आत्मसमर्पण की सराहना



### पुनर्वास किया जाएगा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों के आत्मसमर्पण की सराहना की और कहा कि जो लोग हथियार छोड़कर विकास का रास्ता अपनाएंगे, उनका पुनर्वास किया जाएगा। शाह ने शेष नक्सलियों से भी आत्मसमर्पण के लिए आगे आने और हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा, ''31 मार्च 2026 के बाद देश में नक्सलवाद इतिहास बन जाएगा, यह हमारा संकल्प है। उन्होंने हिंदी में 'एक्स' पर लिखा, यह बहुत हर्ष का विषय है कि बीजापुर (छत्तीसगढ़) में 50 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया। हिंसा और हथियार छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल होने वालों का मैं स्वागत करता हूं।'

### इन्होंने अहम भूमिका निभाई

जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स, स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), सीआरपीएफ और इसकी विशिष्ट इकाई कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन) ने उनके आत्मसमर्पण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।' नक्सलियों को आंदोलन छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने के लिए सरकार की नीति के अनुसार उनका पुनर्वास किया जाएगा।

## स्पाइसजेट प्लेन का टायर फटा चेन्नई में इमरजेंसी लैंडिंग

**जयपुर।** जयपुर से चेन्नई गई स्पाइसजेट की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। यह घटना रविवार सुबह की है। चेन्नई एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार टायर में खराबी की सूचना एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को मिली थी। इसके बाद अलर्ट जारी किया गया है प्लेन को सुरक्षित उतारा गया। फ्लाइट में क्रू-मेंबर सहित 200 लोग सवार थे। दरअसल, विमान ने शनिवार देर रात 1 बजकर 55 मिनट पर जयपुर से चेन्नई के लिए उड़ान भरी थी। ढाई घंटे बाद फ्लाइट के पायलट को पता चला की फ्लाइट के टायर में खराबी है। इसके बाद पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल यूनिट से संपर्क कर चेन्नई में फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार फ्लाइट में मौजूद सभी पैसेंजर सुरक्षित हैं।

**क्रू-मेंबर समेत 200 यात्री सवार थे**

## म्यांमार, थाईलैंड के बाद अब टोंगा में लगे झटके

**टोक्यो (एपी)।** प्रशांत महासागर में स्थित टोंगा में 7.1 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया है। इस कारण वैज्ञानिकों ने टोंगा और आसपास के इलाकों में सुनामी की चेतावनी जारी की, लेकिन बाद में इसे हटा लिया गया। ताजा झटके थाईलैंड और म्यांमार में आए शक्तिशाली भूकंप के बाद लगे हैं, जिनमें हजारों लोगों की मौतें हुई हैं। सबसे ज्यादा तबाही म्यांमार में मची है, जिसमें अब तक 1600 से अधिक लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। माना जा रहा है कि अभी भी सैकड़ों लोग मलबों में फंसे हुए हैं, जिन्हें बाहर निकालना बाकी है। यूएस भूगर्भीय सर्वेक्षण ने कहा कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सोमवार की सुबह मुख्य द्वीप से लगभग 100 किलोमीटर (62 मील) उत्तर-पूर्व में आया।

**7.1 तीव्रता का भूकंप आया सुनामी की चेतावनी वापस ली**

## भारत में दिखा चांद, आज देशभर में मनाई जाएगी ईद

**नई दिल्ली (भाषा)।** देशभर में रमजान के पवित्र महीने की समाप्ति के साथ सोमवार को ईद उल फितर का त्योहार मनाया जाएगा। दिल्ली के जामा मस्जिद स्थित फतेहपुरी मस्जिद के इमाम मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने कहा, ईद का चांद रविवार देर शाम दिख गया है इसलिए त्योहार सोमवार को मनाया जाएगा। वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईद-उल-फितर की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी और कामना की कि यह त्योहार सभी के जीवन में शांति, प्रगति और खुशियां लेकर आए। 'ईद-उल-फित्र रमजान के पवित्र महीने के दौरान उपवास और प्रार्थना के समापन का प्रतीक है। यह त्योहार भाईचारे, सहयोग और करुणा की भावना को मजबूत करता है। मुर्मू ने एक संदेश में कहा कि यह त्योहार सामाजिक बंधन को भी बढ़ावा देता है।

**राष्ट्रपति मुर्मू ने दी ईद-उल-फितर बधाई**

## न्याय में देरी होना भी न्याय से इनकार : न्यायाधीश श्रीकृष्णा

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीएन श्रीकृष्ण ने रविवार को कहा, देश में मानवाधिकार का मामला 'मुश्किल दौर' से गुजर रहा है, क्योंकि उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों में 5 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। न्यायमूर्ति श्रीकृष्ण ने लोकतांत्रिक अधिकार और धर्मनिरपेक्षता संरक्षण समिति (सीपीडीआरएस) द्वारा आयोजित लोकतांत्रिक अधिकारों और धर्मनिरपेक्षता पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने देश में मानवाधिकारों और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के उल्लंघन पर गंभीर चिंता' व्यक्त करते हुए कहा, 'न्याय में देरी भी न्याय से इनकार ही है।'

**मानवाधिकार का मामला 'मुश्किल दौर' से गुजर रहा**

## ओडिशा में हादसा, 11 कोच बेपटरी

# बेंगलुरु-कामाख्या एक्सप्रेस बेपटरी, 1 की मौत 8 घायल

**कटक (एजेंसी)।** ओडिशा के कटक में रविवार को सुबह 11:54 बजे एसएमवीटी बेंगलुरु-कामाख्या एसी एक्सप्रेस के 11 डिब्बे मंगुली के पास निरगुंडी में पटरी से उतर गए। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 7 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पूर्वी तटीय रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) अशोक कुमार मिश्रा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद क्षेत्र में भीषण गर्मी के कारण कुछ यात्री बीमार भी पड़ गए। उनका दुर्घटना स्थल पर बनाए गए अस्थायी स्वास्थ्य शिविर में इलाज किया गया।

**मेडिकल और इमरजेंसी टीम मौके पर पहुंची**

**भीषण गर्मी के कारण कुछ यात्री बीमार भी हुए**



### इसलिए हुआ हादसा

अधिकारियों ने बताया कि हादसे की वजह से तीन ट्रेन डायवर्ट की गई हैं। फंसे हुए यात्रियों को कामाख्या पहुंचाने के लिए विशेष ट्रेन शाम 5:05 बजे घटनास्थल से रवाना हो चुकी है।

### रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा

ओडिशा फायर सर्विस के एक अधिकारी ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो गया है। इससे पहले ईस्ट कोस्ट रेलवे के सीपीआरओ अशोक कुमार मिश्रा ने बताया था- बेंगलुरु से असम के गुवाहाटी स्थित कामाख्या जा रही ट्रेन 12 बजे के आसपास दुर्घटनाग्रस्त हुई। सभी यात्री सुरक्षित हैं। बचाव अभियान पूरा होने के बाद सभी यात्रियों को ट्रेन से रवाना कर दिया गया।

## बुनियाद — 15,300 लोग उल्लास परीक्षा में शामिल हुए, सभी के चेहरों पर दिखी खुशी

*60 वर्ष से ऊपर की 500 महिलाएं भी शामिल पोते और पोतियों के साथ परीक्षा देने पहुंचे बुजुर्ग*

# कैथल में अनोखा पेपर, परीक्षा केंद्र में दिखाई दिए सभी बुजुर्ग

**कैथल (हरिभूमि न्यूज)।** उल्लास कार्यक्रम के तहत रविवार को कैथल में 15,300 शिक्षार्थियों ने बुनियादी पढ़ने, लिखने और गणित की परीक्षा दी। इस परीक्षा का आयोजन पूरे दिन किया गया। इसमें प्रत्येक शिक्षार्थी को 3 घंटे का समय दिया गया। परीक्षा कुल 150 अंकों की थी, जिसमें पढ़ने, लिखने और गणित के लिए 50-50 अंक निर्धारित किए गए थे। परीक्षा का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक एवं प्राचार्य डाइट कैथल के मार्गदर्शन में किया गया।



### बुजुर्गों में दिखा भारी उत्साह

परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देने आए बुजुगोर्गों में परीक्षा को लेकर भारी उत्साह देखा गया। इस परीक्षा में 60 साल की आयु से अधिक की करीब 500 महिलाएं भी शामिल हुई। कई बजुर्ग अपने पोते पोतियों के साथ परीक्षा केंद्र पर पहुंचे और परीक्षा दी । उन्होंने कहा कि परीक्षा पास होते ही अब हमें कोई अंगूठाछाप नहीं कहेगा। उनके लिए यह परीक्षा देना किसी सपने से कम नहीं है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

जिले में उल्लास कार्यक्रम के नोडल अधिकारी निर्मल सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा उन लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिन्होंने औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं की या किसी कारणवश अपनी स्कूली शिक्षा पूरी नहीं कर सके। यह पहल उन्हें बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है।

### ऐतिहासिक दिन रहा

जिला शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट ने बताया कि रविवार का दिन कैथल के लिए ऐतिहासिक दिन रहा। 15300 शिक्षार्थियों ने शिक्षा की ओर एक नया कदम बढ़ाया। यह परीक्षा न केवल साक्षरता को बढ़ावा देने में सहायक होगी, बल्कि समाज में आत्मनिर्भरता और जागरूकता को भी बढ़ावा देगी।

## नवरात्र पर विशेष



## द्वितीय ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्र को ब्रह्मचारिणी माता की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यही आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रूप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पति के समय ब्रह्माजी ने मानसपुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है और गर्भ धारण कर शिशु को जन्म देने की नींव पड़ी है। शिशु में देवी के नौ गुण होते हैं। ब्रह्मचारिणी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय है। अपने पूर्वजन्म में जब इन्होंने हिमायल के घर पुत्री रूप में जन्म लिया तब नारद के कहने से शिवजी को पति रूप में पाने के लिए इन्होंने एक हजार साल तक तपस्या की। जब तीनों लोक कांप उठे, तब ब्रह्माजी ने कहा-देवी, आज तक किसी ने ऐसी कठोर तपस्या नहीं की। जाओ, तुम्हारी मनोकामना पूर्ण होगी। इसके बाद शिवजी उन्हें पति रूप में मिले। मां ब्रह्मचारिणी की अनुकंपा से भक्तों को हमेशा सिद्धि और विजय मिलती है। इस दिन भक्त का मन स्वाधिष्ठान चक्र में स्थित होता है। ब्रह्मचारिणी का पूर्वजन्म का नाम 'उमा' भी है। शैलपुत्री के रूप में देवी प्रकृति स्वरूपा हैं तो ब्रह्मचारिणी रूप में सृष्टि निर्मात्री। एक हाथ में कमंडल और दूसरे में रुद्राक्ष माला धारण करने वाली देवी का यह रूप कल्याणप्रद और मोक्षदायी है। मां के इस रूप की आराधना का मंत्र है

**दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।**
**देवि प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥**

### प्रदेश में मौसम ने ली करवट, 20 किमी की स्पीड से चल रही ठंडी हवाएं

# उत्तरी-पश्चिमी हवाओं से गेहूं उत्पादक किसानों के चेहरे खिले, बम्पर पैदावार की संभावना

■ तापमान 30 डिग्री से नीचे रहा तो गेहूं की फसल के लिए वरदान साबित होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेशभर में पिछले दो दिनों से तेज रफ्तार में चल रही उत्तरी-पश्चिमी हवाओं ने ठंडक लौटा दी है। दिन के बाद रात के तापमान में भी 4.8 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। दो दिन पूर्व यहां का अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री चल रहा था। रविवार को यहां का तापमान लुढ़कर 30 डिग्री तक आ गया वहीं न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रह गया। कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर तापमान इतना रहता है या 30 से नीचे आता है तो यह गेहूं की फसल के लिए वरदान साबित होगा। ऐसे में गेहूं के बम्पर उत्पादन होने की उम्मीद बंध गई है।

### पश्चिमी विक्षोभ का असर

पश्चिमी विक्षोभ के असर के कारण शुक्रवार से मौसम में बदलाव आ गया था। इससे हवाओं की दिशा बदलकर उत्तरी-पश्चिमी हो गई। साथ ही हवाओं की रफ्तार भी बढ़कर 15 से 20 किलोमीटर प्रतिघंटा हो गई थी। इससे पिछले दो दिन से दिन का तापमान 30 डिग्री से नीचे आ गया था। रविवार को भी दिन में तेज हवाएं चलती रही। बादलों की आवाजाही भी जारी रही। बीच-बीच में धूप भी खिलती रही। रविवार सुबह लोगों ने ठंडक महसूस की। रविवार को अधिकतम तापमान में गिरावट आ गई। रात का तापमान भी लुढ़क गया। आईएमडी के अनुसार 2 अप्रैल तक मौसम स्थिर रह सकता है। इस दौरान दिन व रात के तापमान में ज्यादा बदलाव आने की उम्मीद नहीं है। पिछले दो महीने से तापमान काफी बढ़ा हुआ था। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अब तापमान में गिरावट आई है तो इसका सबसे बड़ा गेहूं की फसल को होगा। पिछले दो-तीन दिनों से तापमान 30 डिग्री तक आ गया है। न्यूनतम तापमान 11 डिग्री चल रहा है। कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि अगले 10 दिन तक तापमान 30 डिग्री से कम रहता है तो गेहूं की फसल धीरे-धीरे पकेगी। दाना मजबूत होगा। इससे उत्पादन भी बढ़ेगा। बता दें कि पिछले जनवरी माह से तापमान सामान्य से ज्यादा चल रहा था। तब गेहूं उत्पादक किसानों व कृषि विशेषज्ञों को चिंता हो गई थी कि गेहूं का उत्पादन गिरेगा। अब जब गेहूं पकने को है, तापमान फिर कम हुआ तो यह गेहूं के लिए फायदेमंद है।



फतेहाबाद। खेत में पक रही गेहूं की फसल।



मंडियों में पहुंची सरसों की खेप। फोटो : हरिभूमि

### 2 अप्रैल तक मौसम खुश्क बना रहेगा

फिलहाल मौसम खुश्क है। सब्जी व फलों की पौधों में पानी की आवश्यकता है तो सिंचाई की जा सकती है। अगर किसी ने अंतिम पानी नहीं दिया हो तो वह बदलते मौसम का सिंचाई करते समय अवश्य ध्यान रखें। क्योंकि अब हल्की व मध्यम गति की हवाएं चलने की संभावना है। अगर गेहूं में पानी देना हो तो दो-तीन दिन बाद सिंचाई करें। डॉ. मदन खीचड़ ने कहा कि हरियाणा राज्य में मौसम आमतौर पर 2 अप्रैल तक खुश्क रहने की संभावना है। इस दौरान बीच-बीच में हवाओं में बदलाव की संभावना से हल्की से मध्यम गति से चलने की संभावना है। जिससे विशेषकर दिन के तापमान में हल्की गिरावट आने की संभावना है। -**डॉ. मदन खीचड़**, कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय

# एचएयू के तीन विद्यार्थियों का एग्जीक्यूटिव पद पर चयन

### 8.64 लाख का पैकेज, वीसी ने बधाई दी

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तहत 'प्रदान एनजीओ' द्वारा एग्जीक्यूटिव पद पर तीन विद्यार्थियों का चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने विद्यार्थियों को बधाई दी है। चयनित विद्यार्थियों को पहले वर्ष प्रशिक्षण के दौरान 32 हजार रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा तथा प्रशिक्षण सम्पन्न होने के पश्चात 8.64 लाख रुपए वार्षिक वेतन मिलेगा। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि एग्जीक्यूटिव पद पर चयनित होने वालों में प्रीति एमबीए, संगीता एमएससी एग्रीकल्चर व हर्ष बीटेक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के छात्र हैं।



कुलपति के साथ चयनित विद्यार्थी।

### 24 घंटे में ही अस्पताल से डिस्चार्ज होकर घर लौटा

# नागरिक अस्पताल के हार्ट सेंटर में दिल के मरीज का दुर्लभ ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के सिविल अस्पताल में मेडिट्रिना हार्ट सेंटर में हृदयरोग विशेषज्ञों द्वारा दुर्लभ हृदय आपरेशन किया गया। इसके चलते रोगी ऑपरेशन के 24 घंटे के भीतर अस्पताल से छुट्टी होने के बाद सकुशल अपने घर पहुंच गया। कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. संकल्प शर्मा ने बताया कि रोगी की आयु काफी ज्यादा थी। उसे क्रिटिकल केल्सिफाइड ट्रिपल वैसल डिजीज थी जिसके चलते उनके हृदय की तीनों धमनियां बुरी तरह ब्लॉक थी। बाईपास सर्जरी करना भी ठीक नहीं था इसलिए उनकी टीम ने रोटाट्रिप्सी की मदद से रोगी की एंजियोप्लास्टी की।



### पैर फिसलने से रोहित नहर में गिर गया

# कार लेकर पूजा सामग्री बहाने गया था, खुद नहर में बह गया युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

अमावस्या की पूजा सामग्री नहर में प्रवाहित करने के लिए घर से कार लेकर निकला करीब 21 वर्षीय युवक खुद नहर में डूब गया। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से घंटों मशक्कत के बाद शव को नहर से निकलवाया। बाद में पोस्टमार्टम कराते हुए शव परिजनों को सौंप दिया गया। बावल निवासी रोहित शनिवार शाम अमावस्या की पूजा सामग्री प्रवाहित करने के लिए घर से कार लेकर निकला था। देर शाम तक जब रोहित घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। परिजनों ने रोहित के लापता होने की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। पुलिस ने भी रोहित का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। इसी दौरान सूचना मिली कि कसोला चौक के पास नहर किनारे एक कार लावारिस हालत में खड़ी है। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो कार रोहित की मिली। उसी समय पुलिस ने रोहित के नहर में डूबने की आशंका से तलाश शुरू कराई। एसएचओ विद्यासागर ने गोताखोरों की मदद से रोहित का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, लेकिन रात को उसका कोई पता नहीं चला। रविवार सुबह नहर में पानी कम कराने के बाद तलाश शुरू की गई। पंप हाउस के पास रोहित का शव तैरता हुआ मिल गया। ऐसा माना जा रहा है कि सामग्री प्रवाहित करते समय पैर फिसलने से रोहित नहर में गिर गया।



रेवाड़ी। घटना स्थल पर कार्रवाई करते हुए पुलिस। मृतक रोहित का फाइल फोटो।

## उधार के पैसे मांगने पर फर्म संचालक ने दी सुसाइड की धमकी

**सिरसा।** अनाज मंडी स्थित एक फर्म द्वारा करीबन दस फर्मों से उधार राशि लेकर न लौटाने पर पुलिस ने अमानत में ख्यानत का केस दर्ज किया है। फर्म के संचालक द्वारा धमकी दी जा रही है कि यदि उनके खिलाफ किसी प्रकार की कोई कार्रवाई की गई तो वे सुसाइड कर लेंगे जिससे उन्हें सजा होगी। इअटकी दस फर्म संचालकों ने अब पुलिस प्रशासन से शिकायत कर केस दर्ज करवाया है और पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्जकर जांच आरंभ कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में धर्मपाल दुकान नंबर 91 नई अनाज मंडी, प्रवीण कुमार दुकान नंबर 4 द्वितीय एडिशनल मंडी, मदनलाल दुकान नंबर 161 नई अनाज मंडी सिरसा, गौरव मित्तल दुकान नंबर 74 सी 111 नई मंडी सिरसा, रविंद्र , रितेश दुकान नंबर 51 नई मंडी सिरसा, राजेंद्र दुकान नंबर 72 नई मंडी सिरसा, राकेश कुमार आदि ने मार्केट कमेटी सिरसा से लाइसेंस भी ले रखा है।

### हांसी के कंवारी गांव सरपंच हत्याकांड में संलिप्त

# एक साल से फरार व पांच हजार का इनामी पुलिस अधिकारी गिरफ्तार

■ पुलिस रिमांड पर लेकर मामले में संलिप्त अन्य लोगों के बारे में जानकारी हासिल करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पुलिस ने कंवारी गांव के सरपंच तथा जिला सरपंच एसोसिएशन के प्रधान संजय उर्फ नरसिंह दूहन की हत्या में संलिप्त, पांच हजार के ईनामी व एक साल से फरार पुलिस अधिकारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने संजय सरपंच हत्याकांड में संलिप्त आरोपी को दिल्ली पुलिस के सहयोग से दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान एएसआई संदीप के रूप में हुई है। एएसआई संदीप सरपंच नरसिंह उर्फ संजय दूहन की हत्या के बाद से फरार चल रहा था और हत्याकांड में नाम आने के बाद पुलिस विभाग द्वारा उसे सस्पेंड कर उस पर पांच हजार का ईनाम रखा गया गया था। पकड़े गए आरोपी पर हत्यारोपियों को हथियार उपलब्ध करवाने का आरोप है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी एएसआई संदीप को दिल्ली से गिरफ्तार कर रविवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे चार दिन के रिमांड पर पुलिस के हवाले कर दिया गया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से पूछताछ करते हुए इस मामले में संलिप्त अन्य लोगों के बारे में तथा संजय सरपंच की हत्या करने वाले आरोपियों को उपलब्ध करवाए गए हथियार कहां से लेकर आया था।



हांसी। एएसआई संदीप को कोर्ट में पेश कर वापस ले जाती पुलिस।

## खबर संक्षेप

### इसराना में तीन बीघा में खड़ी गेहूं में लगी आग

**इसराना।** पानीपत के गांव बलाना निवासी किसान सुरेंद्र पुत्र प्रताप की तीन बीधा धरती में खडी गेहूं की फसल आग में राख हो गई। वहीं आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने आग को फैलने से रोका। जबकि यह पता नहीं चल पाया कि आग कैसे लगी। पीड़ित किसान सुरेंद्र ने प्रदेश सरकार व पानीपत प्रशासन से आग से हुए नुकसान की एवज में आर्थिक सहायता की अपील की है। सुरेंद्र की गेहूं की फसल पक कर कटाई के लिए तैयार खड़ी थी। किसान का कहना है सालभर की कमाई मिट्टी में मिल गई।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**जींद।** भिवानी-रोहतक बाइपास रेलवे ओवरब्रिज पुल के नीचे ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। मृतक के पास से ऐसा कुछ नही मिला है। जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। शाम को दिल्ली की तरफ से 54035 डीजे पसेंजर आ रही थी। पुल के नीचे पहुंची तो वहां एक युवक उसकी चपेट में आ गया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# मंडी अटेली में ट्राले ने दूध के टैंकर को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के सुजापुर फ्लाईओवर के समीप दूध की टैंकर गाड़ी को ट्राले ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दूध की टैंकर गाड़ी के चालक की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने जिसकी शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस में दर्ज शिकायत में हिमाचल प्रदेश के गांव चुकाढ़ निवासी लखवीर सिंह ने बताया कि करीब सात वर्ष से झज्जर में एक डेयरी में नौकरी करता है। वह और उसका मौसा हिमाचल प्रदेश में 15 माह से एकसाथ नौकरी करते थे। शनिवार 29 मार्च को वह और उसका मौसा राकेश कुमार बीजापुरी डेयरी का दूध राजस्थान टोंक जिला के गांव नीवाई से दूध की सप्लाई लेकर आ रहे थे। उसका मौसा राकेश कुमार दूध का टैंकर चला रहा था। वह और उसका मौसा के पीछे अपनी पर्शनल गाड़ी में था। करीब सायं साढ़े सात सुजापुर अटेली फ्लाईओवर की चढाई चढ़ रहे थे, तब उसके मौसा की गाड़ी के आगे ट्राले के चालक ने गाड़ी को लापरवाही तरीके से देखते-देखते ब्रेक लगा दिया। उसका मौसा की गाड़ी उसके पीछे थी, जो गाड़ी द्वारा ब्रेक लगाने पर उसके मौसा की गाड़ी उसमें टकरा गई। इस दुर्घटना में उसके मौसा राकेश कुमार की मृत्यु हो गई। पुलिस ट्राला चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



मंडी अटेली। दुर्घटना में क्षतिग्रस्त वाहन।

## लाखों रुपये की हेरोइन के साथ व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने हथनी कुंड रेस्ट हाउस के पास से बीती रात एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हेरोइन बरामद की है। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत बाजार में करीब एक लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। एंटी नारकोटिक सेल की टीम में तैनात एसआई सतीश कुमार ने बताया कि वह देर शाम टीम के साथ गशत कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली कि हथनीकुंड रेस्ट हाउस के पास एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। टीम ने पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में ले लिया।

# स्कूटी की चपेट में आने से युवक घायल, विरोध में हमलाकर दांत तोड़ा

■ घायल युवक के जबड़े में आया फ्रेक्चर, आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र में बॉर्डर की तरफ से गलत दिशा में आ रहे स्कूटी सवार ने राहगीर युवक को चपेट में ले लिया। विरोध करने पर आरोपितों ने राहगीर युवक को पीट-पीटकर घायल कर दिया। घायल उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचा। जहां चिकित्सक ने उसका उपचार किया। उपचार में उसके जबड़े में फ्रेक्चर होना पाया गया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव मुकिमपुर निवासी अनिल ने बताया कि वह 21 मार्च को वह पैदल चलकर सिंघु बोर्ड की ओर जा रहा था। तभी गलत दिशा से एक स्कूटी तेज रफ्तार से आई। स्कूटी पर तीन युवक सवार थे। स्कूटी ने उसे सीधी टक्कर मार दी। विरोध करने पर युवकों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। आरोपितों ने उसके चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों पर वार किए। मारपीट में उसके जबड़े में फ्रेक्चर हो गया और एक दांत भी टूट गया। आसपास के लोग आए तो आरोपित मौके से भाग गए। वह अस्पताल पहुंचे और इलाज करवाया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने घायल से संपर्क कर उसकी शिकायत दर्ज की। जांच अधिकारी एचसी धर्मबीर ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी ।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

## शब्द पहेली - 5821



**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

### शब्द पहेली- 5820 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | ■ | टा | ■ | द | वा | खा | ना |
| ■ | क्ष्य | ■ | व | ■ | ल | क | वा | ■ | र | ज |
| ज | ■ | ■ | कु | सु | म | ■ | त | ■ | ■ | नी |
| ब | द | मा | श | ■ | टो | ना | ■ | सौ | त | न |
| र | ■ | हि | ■ | फा | ल | ■ | प्रा | ■ | न | ■ |
| न | ग | र | वा | सी | ■ | ग | ण | ना | य | क |
| ■ | र | ■ | द | ■ | मा | ली | ■ | पा | ■ | ल |
| अ | ल | ग | ■ | म | न | ■ | चौ | की | दा | र |
| प | ■ | ■ | चि | ■ | सि | स | की | ■ | ■ | व |
| रा | ज | ■ | क | न | क | ■ | दा | ■ | मे | ■ |
| ध | इ | क | न | ■ | ता | ■ | री | मा | ला | गू |

## सूडोकु नवताल - 5831

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल 5830 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |



# आईपीएल : शुभमन का टूटा रिकॉर्ड, दशक में सबसे ज्यादा रन डुप्लेसिस के नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईपीएल 2025 के 10वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली के उप-कप्तान व ओपनर बल्लेबाज फॉफ डुप्लेसिस ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। डुप्लेसिस ने इस मैच में 26 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और 27 गेंदों पर 3 छक्के और 3 चौकों की मदद से 50 रन की पारी खेली और फिर आउट हो गए।

ये उनके आईपीएल क्रिकेट करियर का 38वां अर्धशतक रहा। फॉफ डुप्लेसिस इस पारी के बाद आईपीएल में इस दशक में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बने तो वहीं हैदराबाद के युवा बैटर अनिकेत ने इस लीग के 10 मैचों में इस लीग में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए और श्रेयस अय्यर को पीछे छोड़ दिया।



### डुप्लेसिस के नाम 2797 रन

*आईपीएल में इस दशक में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर की लिस्ट में डुप्लेसिस पहले नंबर पर आ गए। इस दशक में यानी साल 2020 से आईपीएल में डुप्लेसिस ने अब तक 2797 रन बनाए हैं जबकि शुभमन गिल ने इस दशक में इस लीग में अब तक 78 पारियों में 2788 रन बनाए हैं। वहीं इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर केएल राहुल हैं जिन्होंने 66 पारियों में अब तक 2721 रन बनाए हैं।*



### दशक में सबसे ज्यादा रन

| रन | खिलाड़ी | पारी |
|---|---|---|
| 2797 | फाफ डु प्लेसिस | 75 |
| 2788 | शुभमन गिल | 78 |
| 2721 | केएल राहुल | 66 |
| 2682 | विराट कोहली | 77 |
| 2433 | ऋतुराज गायकवाड़ | 67 |
| 2289 | जोस बटलर | 63 |

### 2025 में सबसे ज्यादा छक्के

| छक्के | खिलाड़ी | गेंद |
|---|---|---|
| 13 | निकोलस पूरन | 56 |
| 12 | अनिकेत वर्मा | 57 |
| 9 | श्रेयस अय्यर | 42 |
| 8 | मिशेल मार्श | 67 |
| 8 | साई सुदर्शन | 82 |

### अनिकेत ने अय्यर को पीछे छोड़ा

*अनिकेत वर्मा ने दिल्ली के खिलाफ मुकाबले में हैदराबाद के लिए 74 रन की पारी खेली जिसमें 6 छक्के और 5 चौके लगाए। इन 6 छक्कों की पारी के दम पर अनिकेत इस सीजन के पहले 10 मैचों तक सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर्स की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए। अनिकेत ने अब तक खेले 3 मैचों में 12 छक्के लगाए हैं जबकि उन्होंने श्रेयस को पीछे छोड़ा जिन्होंने अब तक कुल 9 छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में निकोपस पूरन 13 सिक्स के साथ पहले स्थान पर हैं।*

खास खबर

## मुंबई को पहली जीत की तलाश आज नाइट राइडर्स देगी चुनौती



**मुंबई।** मुंबई इंडियन्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में एक बार फिर खराब शुरुआत करने के बाद सोमवार को अपने घरेलू मैदान पर गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत के साथ अंकों का खाता खोलने के इरादे से उतरेगी। मुंबई इंडियन्स के लिए आईपीएल सत्र की शुरुआत लगातार हार के साथ करना कोई नई बात नहीं है। टीम को अब तक चेन्नई सुपरकिंग्स और गुजरात टाइटंस के खिलाफ दो मैच में हार झेलनी पड़ी है। टूर्नामेंट में हमेशा धीमी शुरुआत करने वाली यह टीम ट्रॉफी जीतने के लिए एकजुट होकर खेलने के लिए जानी जाती है। नाइट राइडर्स की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ सत्र का पहला मैच गंवाने के बाद राजस्थान रॉयल्स पर अपनी बड़ी जीत की लय को जारी रखना चाहेगी।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलोर | 2 | 2 | 0 | 4 |
| दिल्ली | 2 | 2 | 0 | 4 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| गुजरात | 2 | 1 | 1 | 2 |
| पंजाब | 1 | 1 | 0 | 2 |
| कोलकाता | 2 | 1 | 1 | 2 |
| चेन्नई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| राजस्थान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| मुंबई | 2 | 0 | 2 | 0 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
145 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



स्टार्क
08 विकेट
हैदराबाद

स्टार्क ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए झटके 5 विकेट

# दिल्ली कैपिटल्स की लगातार दूसरी जीत हैदराबाद को सात विकेट से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶ विशाखापत्तनम

दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराकर दो मैच में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। सनराइजर्स के 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने फाफ डुप्लेसी और जैक फ्रेजर मैकगर्क के बीच पहले विकेट की 81 रन की साझेदारी से 16 ओवर में तीन विकेट पर 166 रन बनाकर आसान जीत हासिल की। अभिषेक पोरेल और ट्रिस्टन स्टब्स ने चौथे विकेट के लिए 51 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

स्टार्क ने इससे पहले करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 35 रन पर पांच जबकि कुलदीप ने 22 रन पर तीन विकेट चटकाए जिससे सनराइजर्स की टीम 18.4 ओवर में 163 रन पर सिमट गई। सनराइजर्स ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और सिर्फ अनिकेत वर्मा और हेनरिच क्लासेन ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी भी की। इन दोनों के अलावा ट्रेविस हेड (22) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।



### स्टार्क और कुलदीप ने गेंद से बरपाया कहर

सनराइजर्स हैदराबाद का बैटिंग ऑर्डर दिल्ली के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और कुलदीप यादव के आगे एक दम खराब रहा। हैदराबाद की टीम के 8 बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच पाए। दिल्ली के लिए स्टार्क ने 5 विकेट लेकर तहलका मचाया और कुलदीप ने 3 विकेट लेकर उनकी मदद की।

### स्टार्क पांच विकेट लेने वाले दूसरे उम्रदराज गेंदबाज

स्टार्क ने एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है। वह आईपीएल के किसी एक मैच में पांच विकेट लेने वाले दूसरे उम्रदराज गेंदबाज बन गए हैं। आईपीएल में एक मैच में पांच विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज गेंदबाज का रिकॉर्ड अनिल कुंबले के नाम है। कुंबले ने 2009 में 38 साल 183 दिन की उम्र में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पांच विकेट लिए थे। स्टार्क ने 35 साल 59 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की।

### पंड्या पर 12 लाख रुपए का जुर्माना



**अहमदाबाद।** मुंबई इंडियन्स के कप्तान हार्दिक पंड्या पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में उनकी टीम की धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियन्स को शनिवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टाइटंस के खिलाफ 36 रन से हार का सामना करना पड़ा।

### नारायण से बहुत कुछ सीखा

*नई दिल्ली। भारत के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव वेस्टइंडीज के दिग्गज सुनील नारायण के आभारी हैं जिन्होंने उन्हें 'लेंथ गेंदबाजी' करने का महत्व सिखाया जिससे उन्हें और अधिक प्रभावी स्पिनर बनने में मदद मिली।*

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा रन आउट | 01 | 01 | 0 | 0 |
| ट्रेविस हेड का राहुल बो स्टार्क | 22 | 12 | 4 | 0 |
| किशन का स्टब्स बो स्टार्क | 02 | 05 | 0 | 0 |
| नितीश का अक्षर बो स्टार्क | 00 | 02 | 0 | 0 |
| अनिकेत का फ्रेजर बो कुलदीप | 74 | 41 | 5 | 6 |
| क्लासेन का निगम बो मोहित | 32 | 19 | 2 | 2 |
| मनोहर का डुप्लेसी बो कुलदीप | 04 | 06 | 0 | 0 |
| कमिंस का फ्रेजर को कुलदीप | 02 | 07 | 0 | 0 |
| मुल्डर का डुप्लेसी बो स्टार्क | 09 | 11 | 1 | 0 |
| हर्षल का अक्षर बो स्टार्क | 05 | 09 | 0 | 0 |
| मोहम्मद शमी नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 18.4 ओवर में 163/10
गेंदबाजी : स्टार्क 3.4-0-35-5, मुकेश 2-0-17-0, अक्षर 4-0-43-0, निगम 2-0-21-0, मोहित 3-0-25-1, कुलदीप 4-0-22-3.

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मैकगर्क का एवं बो जीशान | 38 | 32 | 4 | 2 |
| डुप्लेसी का मुल्डर बो जीशान | 50 | 27 | 3 | 3 |
| अभिषेक पोरेल नाबाद | 34 | 18 | 2 | 2 |
| लोकेश राहुल बो जीशान | 15 | 05 | 2 | 1 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 21 | 14 | 3 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 16 ओवर में 166/3
गेंदबाजी : शमी 3-0-31-0, अभिषेक 3-0-27-0, कमिंस 2-0-27-0, हर्षल 3-0-17-0, जीशान 4-0-42-3, मुल्डर 1-0-16-0

# चेन्नई की लगातार दूसरी हार नीतिश-हसरंगा ने दिलाई जीत

## राजस्थान ने किंग्स को 6 रन से हराया

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

राणा ने 81 रन बनाए



नीतिश राणा के 36 गेंद में 81 रन के बाद लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा के चार विकेट की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स को छह रन से हराकर अपना खाता खोला। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिये भेजे गए राणा ने 10 चौकों और पांच छक्कों की पारी के दम पर रॉयल्स को नौ विकेट पर 182 रन तक पहुंचाया। जवाब में 2019 के बाद एक भी बार 180 रन से ऊपर का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी चेन्नई सुपर किंग्स एक बार फिर नाकाम रही और 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन ही बना सकी। कप्तान रूतुराज गायकवाड ने 63 रन बनाये लेकिन कोई और बल्लेबाज टिक नहीं सका जिससे टीम को लगातार दूसरी हार झेलनी पड़ी। एक समय में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर रहे महेंद्र सिंह धोनी टीम को जीत नहीं दिला सके। पिछले मैच में नौवें नंबर पर उतरने के बाद आज वह सातवें नंबर पर क्रीज पर आये तब चेन्नई को 12 गेंद में 39 रन की जरूरत थी। उन्होंने तुषार देशपांडे को चौका और छक्का लगाया लेकिन आखिरी ओवर में संदीप शर्मा की गेंद पर विकेट गंवा बैठे। हेटमायर ने बाउंड्री के पास आगे की ओर डाइव लगाकर उनका कैच लपका। इससे पहले चेन्नई को पहले ही ओवर में जोफ्रा आर्चर ने झटका दिया जब रचिन रविंद्र खाता खोले बिना आउट हो गए।

## खबर संक्षेप

### घरेलू फायदा कौन नहीं लेना चाहता

**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित ने इस बात का समर्थन किया कि मेजबान टीम को घरेलू पिचों का फायदा मिलना चाहिए और कहा कि उन्हें भी ईडन गार्डंस पर इस तरह के फायदे की अपेक्षा है।



कप्तान अजिंक्य रहाणे ने जब से कहा है कि ईडन गार्डंस पर उन्हें अपने स्पिनरों को और मदद मिलने की उम्मीद थी, केकेआर के घरेलू मैदान की पिचों को लेकर चर्चा चल पड़ी है। पंडित ने कहा, 'एक कोच, टीम प्रबंधन के रूप में हम हमेशा चाहते हैं कि हम हर तरह की पिच पर खेलें। नियंत्रण क्यूरेटर के हाथ में होगा।'

### टाइटंस के मध्य क्रम में कोई समस्या नहीं

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि उनकी टीम के मध्यक्रम में कोई समस्या नहीं है। उन्होंने पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियन्स को यहां हराने के बाद यह बात कही जिसमें शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने टाइटंस के लिए अधिकतर रन बनाए। गुजरात टाइटंस ने मुंबई इंडियन्स को 36 रन से हराया। मेजबान टीम ने घरेलू परिस्थितियों और काली मिट्टी की पिच का फायदा उठाते हुए आठ विकेट पर 196 रन का मजबूत स्कोर बनाया और फिर हार्दिक पंड्या की टीम को छह विकेट पर 160 रन पर रोक दिया।

### रोहित को सब कुछ झोंकना होगा: मांजरेकर

**अहमदाबाद।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने रोहित शर्मा के मौजूदा फॉर्म की गंभीर तस्वीर पेश करते हुए कहा कि इस सीनियर बल्लेबाज के हाथ से चीजें फिसलती जा रही हैं जो अपने करियर के उस मुकाम पर पहुंच गए हैं जहां उन्हें हर सुबह अपना सब कुछ झोंकना होगा। मुंबई इंडियन्स का यह स्टार बल्लेबाज मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग के शुरुआती दो मैच में फ्लॉप रहा और शनिवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ टीम के पिछले मैच में आठ रन ही बना पाया।



### सत्र का शानदार कैच नहीं होगा भरोसा

**विशाखापट्टनम।** आईपीएल 2025 के 10वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना दिल्ली कैपिटल्स से हुआ। सनराइजर्स की पारी के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने एक कमाल का कैच पकड़ा। उस कैच को लपकने के लिए अक्षर ने बेहतरीन छलांग मारी थी। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने आईपीएल 2025 में एक शानदार कैच लपका। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के हर्षल पटेल को आउट किया। अक्षर ने हवा में उड़ते हुए एक अविश्वसनीय कैच पकड़ा। दरअसल मिचेल स्टार्क 19वां ओवर डाल रहे थे। तभी हर्षल पटेल ने एक बड़ा शॉट मारने की कोशिश की। गेंद ठीक से बल्ले पर नहीं आई और हवा में ऊंची चली गई। गेंद मिड-ऑफ की तरफ जा रही थी। अक्षर पटेल ने गेंद पर अपनी नजरें जमाई रखीं। फिर उन्होंने सुपरहीरो की तरह हवा में छलांग लगाई। उन्होंने अपने बाईं ओर उड़ते हुए गेंद को लपक लिया।

# पूनिया और उदित को रजत, दिनेश को कांस्य

एजेंसी ▶▶ अम्मान

भारतीय पहलवान दीपक पूनिया ने एशियाई चैंपियनशिप में तीसरी बार रजत पदक जीता जबकि उदित को लगातार दूसरी बार दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे पूनिया ने बेकजात राखिमोव के खिलाफ 92 किग्रा वर्ग के कड़े मुकाबले में जीत के साथ वापसी की। पूनिया को किर्गिस्तान के प्रतिद्वंद्वी से कड़ी टक्कर मिली लेकिन वह क्वार्टर फाइनल में 12-7 से जीत दर्ज करने में सफल रहे। पूनिया को जापान के ताकाशी इशिगुरो से कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद थी लेकिन भारतीय पहलवान ने उन्हें आसानी से 8-1 से हरा दिया। स्वर्ण पदक के मुकाबले में ईरान के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अमीरहुसैन बी फिरोजपोरबांदपेई ने उन्हें तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। पूनिया ने एशियाई चैंपियनशिप में चार पदक जीते हैं। वह 2021 में अल्माटी और 2022 में उलानबटोर में फाइनल में हार गए थे जबकि 2019 और 2020 में कांस्य पदक जीते। उदित ने भी 61 किग्रा में किर्गिस्तान के बेकबोलोट मिर्जानजार उलु को 9-6 से हराने के बाद चीन के वानहाओ झोउ को 2-0 से शिकस्त दी। उन्होंने पिछले साल रजत पदक जीता था। स्वर्ण पदक के मुकाबले में उन्हें दुनिया के नंबर एक पहलवान ताकारा सूडा ने 6-4 से हराया। भारत के मुकुल दहिया ने भी दो जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। सिंगापुर के वेंग लुयन गैरी चाउ को दहिया ने बिना अंक गंवाए तकनीकी दक्षता के आधार पर हराने के बाद किर्गिस्तान के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी मुहम्मद अब्दुल्लाव को 3-1 से शिकस्त दी।



एशियाई चैंपियनशिप

### सेमीफाइनल में हारे दहिया

*सेमीफाइनल में दहिया को हालांकि ईरान के दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अबुलफजल वाई रहमानी फिरोजाई के खिलाफ तकनीकी दक्षता के आधार पर शिकस्त झेलनी पड़ी। दिनेश ने हेवीवेट 125 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचे। भारतीय पहलवान ने क्वार्टर फाइनल में तकनीकी दक्षता के आधार पर चीन के बुहेरदुन हराया लेकिन सेमीफाइनल में मंगोलिया के लखागवागेरेल मुनखटूर के खिलाफ 1-5 से हार गए।*

### सबालेंका ने जीता 19वां टूर खिताब



**मियामी गार्डन्स।** आर्यना सबालेंका ने शनिवार रात को यहां मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जेसिका पेगुला को सीधे सेट में हराकर खिताब जीता। बेलारूस की शीर्ष वरीय सबालेंका ने अमेरिका की चौथी वरीय पेगुला को 7-5, 6-2 से हराकर पहली बार मियामी ओपन का खिताब जीता जो उनके करियर का 19वां टूर खिताब है। सबालेंका ने 24 विनर्स लगाए और 11 लाख डॉलर की इनामी राशि अपने नाम की। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन सबालेंका ने अमेरिकी ओपन 2024 के फाइनल में भी पेगुला को सीधे सेट में 7-5, 7-5 से हराया था।

## नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 के लिए उपमण्डल कार्यालय, गन्नौर के प्रांगण में भाय पौन्टीन कार पार्किंग/फोटोस्टेट मशीन के ठेको की नीलामी दिनांक 09.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे तहसीलदार, गन्नौर की अध्यक्षता में की जानी है। जिसमें नीलामी की शर्ते निम्न प्रकार से होगी:

1. बोली देने वाले व्यक्ति को अपने साथ अपना आधार कार्ड/पहचान पत्र, पैन कार्ड तथा अपने बैंक खाते की पास बुक की सत्यापित प्रति जमा करवाकर चाय की कैन्टीन के बोलीदाता को 40,000/- रूपये, कार पार्किंग के बोलीदाता को 35,000/- रूपये, फोटोस्टेट के बोली दाता को 13,000/- रूपये की राशि जमानत के तौर पर अमा करवाकर निलामी में भाग ले सकता है।
2. अधिकतम बोली देने वाले बोलदाता को कुल बोली को 25 प्रतिशत की राशि मौके पर तथा शेप बकाया राशि बोली के 15 दिन के अन्दर-अन्दर जमा करवानी होगी। यदि यह इस राशि को जमा करवाने में असफल हो जाता है तो उसकी जमानत राशि जब्त करके द्वितीय बोलीदाता को ठेका अलाट करने बारे प्रक्रिया अमल में लाई जायेगी ।
3. पार्किंग फीस की वसूली के लिए ठेकेदार स्वयं जिम्मेवारी होगा ।
4. नीलामी पार्किंग पुरानी तहसील व नये कॉम्पलैक्स के लिए होगी ।
5. फोटोस्टेट मशीन को पहले ही निर्धारित किये गए स्थान पर चलाना होगा, उसका किसी प्रकार का प्रसारण पूर्व अनुमति से ही हो सकेगा। व्यक्ति को स्थानांतरण/उपट्टे होगी । स्टाल का निर्माण स्वयं ठेकेदार करवाएगा। ठेकेदार स्वयं ही कार्य करेगा, किसी अन्य (Sublet) पर देने का अधिकार नहीं होगा तथा श्रम कानूनों की पूर्णताः पालना करनी
6. चाय की कैन्टीन में सभी वस्तुएं अच्छी क्वालिटी की रखनी होगी और उनकी दर अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक नहीं होगी। निर्धारित दरों की सूची दुकान के बाहर लगानी होगी।
7. प्राकृतिक प्रकोप या किसी भी प्रकार से होने वाली हानि को ठेकेदार स्वयं वहन करेगा। इस बारे किसी भी प्रकार की छुट अथवा माफी नहीं होगी तथा कोई भी मुआवजा नहीं दिया जायेगा।
8. यह ठेका दिनांक 10.04.2025 से दिनांक 31.03.2026 तक मान्य होगा।
9. उच्चतम बोली देने वाले को ईकरारनामा व जमानत नामा स्टाम्प पेपर पर देना होगा, यदि वह कागजात बोली स्वीकृति के एक सप्ताह के अन्दर अन्दर प्रस्तुत नहीं करेगा तो ठेका रद्द समझा जायेगा तथा उसको जमा करवाई गई अग्रिम जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी ।
10. यह है कि ठेका स्वीकृत होने पर स्वीकृति की तिथि से दिनांक 31.03.2026 को ठेकों की समाप्ति तक बिजली का बिल ठेकेदार स्वयं भरेगा ।
11. यह है कि उपरोक्त ठेकों से संबंधित किसी भी शर्त की उल्लंघना करने पर उपमण्डल अधिकारी (ना०), गन्नौर द्वारा उक्त ठेका रद्द कर दिया जायेगा ।
12. उक्त परिसर में स्थित किसी भी ठेकेदार द्वारा शर्तों की पालना न करने पर धरोहर राशि जब्त करने के लिए उपमण्डल अधिकारी (ना०), गन्नौर के आदेश मान्य होंगे।
13. उपरोक्त ठेकों की अंतिम स्वीकृति व रद्द करने का अधिकार उपमण्डल अधिकारी (ना०), गन्नौर का होगा।
14. उपमण्डल अधिकारी (ना०), गन्नौर के द्वारा ठेके को बिना कारण बताये रद्द कर सकते है, उनका निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा ।

हस्ता/-
उपमण्डल अधिकारी (ना.).
गन्नौर।

पीआरडीएच 1029/11/552/2025/33445/88/6 दि. 30.03.2025

19 अक्टूबर से आठ नवंबर के बीच खेले जाएगे टूर्नामेंट

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे और टी-20 खेलेगा भारत

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को कहा कि भारतीय पुरुष टीम इस साल के अंत में तीन एकदिवसीय और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। मेहमान टीम 19 अक्टूबर से आठ नवंबर के बीच सफेद गेंद के मैच खेलेगी। 50 ओवर के मैच जहां दिन-रात के होंगे तो वहीं टी20 मुकाबले रात के मैच होंगे।

आगामी 2025-26 सत्र के दौरान पहली बार ऑस्ट्रेलिया के सभी आठ राज्यों और क्षेत्रों में पुरुषों के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का आयोजन होगा। कैनबरा और होबार्ट दोनों पांच मैच की टी20 श्रृंखला के दौरान भारत की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। विश्व कप 2023 के फाइनल में जगह बनाने वाले भारत और ऑस्ट्रेलिया इससे पहले पर्थ, एडीलेड और सिडनी में भी 50 ओवर के मैच खेलेंगे। भारत 2024-25 में पांच टेस्ट मैच की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद ऑस्ट्रेलिया लौटेगा। बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ऑस्ट्रेलिया में दर्शकों की संख्या के नए रिकॉर्ड बने थे।



### एकदिवसीय श्रृंखला

| दिनांक | शहर |
|---|---|
| 19 अक्टूबर | पर्थ |
| 23 अक्टूबर | एडीलेड |
| 25 अक्टूबर | सिडनी |

### टी-20 श्रृंखला

| दिनांक | शहर |
|---|---|
| 29 अक्टूबर | कैनबरा |
| 31 अक्टूबर | मेलबर्न |
| 2 नवंबर | होबार्ट |
| 6 नवंबर | गोल्ड कोस्ट |
| 8 नवंबर | ब्रिस्बेन |





### महिला टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा

टी20 अंतरराष्ट्रीय

| दिनांक | शहर |
|---|---|
| 15 फरवरी | सिडनी |
| 19 फरवरी | कैनबरा |
| 21 फरवरी | एडीलेड |

एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय

| दिनांक | शहर |
|---|---|
| 24 फरवरी | ब्रिस्बेन |
| 27 फरवरी | होबार्ट |
| 1 मार्च | मेलबर्न |

एकमात्र टेस्ट

| दिनांक | शहर |
|---|---|
| 6-9 मार्च | पर्थ (दिन-रात्रि) |

अपने परिवार को सेट किया, राजग सरकार बनाइए, बिहार को बाढ़ मुक्त कर देंगे

# लालू ने गायों का चारा भी खा लिया, वह बिहार के लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते : अमित शाह

नौकरी के बदले जमीन का सौदा क्या कोई भूल सकता है, बंद चीनी मिलों को फिर से शुरू करेंगे

एजेंसी ▶▶ गोपालगंज

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि ''जो लोग गायों का चारा खाते हैं'', वे बिहार के लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते। शाह ने गोपालगंज में एक रैली को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। शाह ने इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव की ओर इशारा करते हुए कहा, '' वर्ष 2025 में ही चुनाव होने वाला है। बिहार को एक बार तय करना है कि हमें लालू-राबड़ी के 'जंगल राज' की ओर जाना है या मोदी जी और नीतीश कुमार के विकास के रास्ते पर जाना है।

## लालू यादव ने बिहार को बदनाम किया



### लालू ने राज्य के लिए कुछ नहीं किया

शाह ने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बिहार में बनी है, यहां विकास की शुरुआत हुई और जब भी मोदी दी भाजपा के लिए वोट मांगने आए बिहार की जनता ने मोदी जी की झोली कमल के फूल से भरने का काम किया है। और मोदी जी ने भी पीछे मुड़कर नहीं देखा। दस साल के भीतर कई सारे विकास के काम जो 65 साल तक कांग्रेस पार्टी नहीं कर पाई, वह मोदी जी ने इस 10 साल के अंदर करने का काम किया है।'' उन्होंने कहा, ''लालू यादव से यह पूछना है कि 15 साल तक लालू-राबड़ी की सरकार रही, दस साल तक सोनिया-मनमोहन की सरकार में लालू मंत्री थे, आपने बिहार के लिए क्या किया।

### राजग की सरकार ने बजट बढ़ाया

दस साल के अंदर जो आप 2004-05 में 23,000 करोड़ रुपये का बजट छोड़कर गए थे, उसे राजग की सरकार ने 13 गुना बढ़ाकर तीन लाख 23 हजार करोड़ रुपये किया। प्रति व्यक्ति आय जो 8,000 रुपये थी वह 66,000 रुपये करने का काम किया और गरीबी रेखा के नीचे जो आबादी 56 प्रतिशत थी उसको कम कर 30 प्रतिशत करने का काम किया।'' शाह ने कहा, ''और लालू जी आप जब केंद्र में मंत्री थे, 10 साल मिले बिहार को क्या दिया जरा हिसाब-किताब लेकर आओ। आपने केवल 2,80,000 करोड़ रूपये बिहार की जनता को दिया था और बिहार की जनता ने मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया। दस साल राजद-कांग्रेस के और 10 साल भारतीय जनता पार्टी और राजग के शासनकाल की तुलना कीजिए।

### सीता माता का मंदिर बनाएंगे

उन्होंने कहा, '' आज गोपालगंज की धरती पर मैं यह कहकर जा रहा हूं कि एक बार और पांच साल राजग की सरकार बनाइए, हम बिहार को हमेशा के लिए बाढ़ से मुक्त करने का काम करेंगे। साढ़े पांच सौ साल के बाद मोदी जी ने रामलला को भव्य मंदिर में बिठाने का काम किया और अब बारी माता सीता की है।

## खबर संक्षेप

### 'आप' नेता सौरभ ने भाजपा को कहा राक्षस



**नई दिल्ली।** दिल्ली की सड़कों पर दुर्घटनाओं में घायल लोगों की जान बचाने वाली 'फरिश्ते योजना' को भाजपा सरकार के अपने पहले बजट में ही बंद करने का आरोप लगा है। इस पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर जोरदार हमला बोला है। आप नेता सौरभ भारद्वाज का आरोप है कि फरिश्ते योजना को बंद कर भाजपा ने हजारों लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि यह योजना बंद करने वालों को 'राक्षस' कहा जाना चाहिए। फरिश्ते योजना अरविंद केजरीवाल सरकार ने शुरू किया था।

### सवा माह बीता : सुरंग में फंसे लोगों की तलाश जारी



**हैदराबाद।** नागरकुरनूल में आंशिक रूप से ध्वस्त सुरंग में फंसे छह लोगों का पता लगाने के लिए खोज अभियान के तहत पानी निकालने और मिट्टी हटाने की प्रक्रिया लगातार जारी है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। परियोजना की सुरंग का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह जाने से उसमें इंजीनियरों और मजदूरों सहित कुल आठ लोग फंस गए थे। लापता लोगों की पहचान मनोज कुमार , श्रीनिवास, सनी सिंह, गुरप्रीत सिंह संदीप साहू, जेगता जेस, संतोष एवं अनुज साहू के रूप में हुई।

### देहरादून से लापता हुई युवती पंजाब में मिली



**देहरादून।** पटेल नगर इलाके से एक सप्ताह पहले लापता हुई एक लड़की को पंजाब से बरामद किया। उप्र के एक युवक को गिरफ्तार किया है। 18 वर्षीय लड़की को पंजाब के अमृतसर से शनिवार को बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार, 21 मार्च को लड़की के परिजनों ने पुलिस में तहरीर दी थी कि उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद का रहने वाला नूर मोहम्मद (26) उनकी पुत्री को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया है।

## पीएम ने देशवासियों को चैत्र नवरात्र, गुड़ी पाड़वा और हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दी

मोदी के मन की बात की 120वीं कड़ी में देश के नाम संबोधन

# देश में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहार भारत की विविधता में एकता की भावना के सूचक : मोदी

### मोदी ने जल संरक्षण कर 'कैच द रेन' अभियान को आगे बढ़ाने पर जोर दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि आज और आगामी दिनों में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहार भारत की विविधता में व्याप्त एकता की भावना के सूचक हैं। मोदी ने लोगों से इस भावना को मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने 'मन की बात' मासिक कार्यक्रम में कहा कि रविवार को विभिन्न राज्य अपना पारंपरिक नववर्ष मना रहे हैं और आगामी दिनों में कई अन्य राज्य भी इसे मनाएंगे। उन्होंने कहा, ''आज कर्नाटक में, आंध्र प्रदेश, तेलंगना में उगादी का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज ही महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा मनाया जा रहा है। विविधता भरे हमारे देश में, अलग-अलग राज्यों में अगले कुछ दिन में असम में 'रोंगाली बिहू', बंगाल में 'पोइला बोइशाख', कश्मीर में 'नवरेह' का उत्सव मनाया जाएगा।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''इसी तरह, 13 से 15 अप्रैल के बीच देश के अलग-अलग हिस्सों में त्योहारों की जबरदस्त धूम दिखेगी। इसे लेकर भी उत्साह का माहौल है और ईद का त्योहार तो आ ही रहा है।

देश के सभी राज्यों में यह उत्सवों का समय

भारत तीसरा सबसे बड़ा टेक्सटाइल वेस्ट उत्पादक देश



### छुट्टियां कौशल निखारने का समय

उन्होंने कहा, ''मैं देश के लोगों को इन त्योहारों की बहुत-बहुत बधाई देता हूं। हमारे ये त्योहार भले ही अलग-अलग क्षेत्रों में हो लेकिन ये दिखाते हैं कि भारत की विविधता में भी कैसे एकता पिरोई हुई है। इस एकता की भावना को हमें निरंतर मजबूत करते चलना है।'' मोदी ने कहा कि विद्यालयों में कुछ ही सप्ताह बाद गर्मी की छुट्टियां भी शुरू होने वाली हैं और गर्मी के लंबे दिन छात्रों के लिए नए शौक विकसित करने एवं अपने कौशल को निखारने का समय होते हैं। प्रधानमंत्री ने छात्रों के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने वालों से 'माईहॉलिडेज'' हैशटैग का उपयोग करने तथा छात्रों एवं अभिभावकों से ''हॉलिडेमेमोरीज'' हैशटैग के साथ अपने अनुभव साझा करने का आग्रह किया। मोदी ने अपने संबोधन में विभिन्न तरीकों से जल संरक्षण कर 'कैच द रेन' अभियान को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

### बारिश की बूंदों को संरक्षित कर पानी बचाना चाहिए

#### 11 अरब घन मीटर से भी ज्यादा पानी का संरक्षण हुआ

उन्होंने कहा, ''बारिश की बूंदों को संरक्षित करके हम बहुत सारा पानी बर्बाद होने से बचा सकते हैं।' मैं आपको एक दिलचस्प आंकड़ा देता हूं। पिछले 7-8 साल में नए बने जलाशय और अन्य जल संचय ढांचों से 11 अरब घन मीटर से भी ज्यादा पानी का संरक्षण हुआ है।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''अब आप सोचेंगे कि 11 अरब घन मीटर पानी कितना पानी होता है।

### कपड़ों की रिसाइकल जरूरी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टेक्सटाइल वेस्ट पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी समस्या बन गया है। रिसर्च के अनुसार, सिर्फ 1% से भी कम टेक्सटाइल वेस्ट को नए कपड़ों में रिसाइकल किया जाता है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा टेक्सटाइल वेस्ट उत्पादक देश है। लेकिन, कई स्टार्टअप और संस्थाएं इस समस्या के समाधान के लिए काम कर रही हैं। वे पुराने कपड़ों को रिसाइकल कर जरूरतमंदों तक पहुंचा रहे हैं और सस्टेनेबल फैशन को बढ़ावा दे रहे हैं।

### योग और आयुर्वेद की बढ़ती लोकप्रियता

दुनियाभर में योग और आयुर्वेद की बढ़ती लोकप्रियता- पीएम मोदी ने कहा कि योग और पारंपरिक चिकित्सा को लेकर पूरी दुनिया में रुचि बढ़ रही है। बड़ी संख्या में युवा इसे वेलनेस का एक बेहतरीन माध्यम मानकर अपना रहे हैं। सोमोस इंडिया, जिसका स्पैनिश में अर्थ है वी आर इंडिया, बीते एक दशक से योग और आयुर्वेद को बढ़ावा देने में जुटी है। इस टीम का फोकस केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि वे शिक्षा संबंधी कार्यक्रमों पर भी जोर दे रहे हैं। माई भारत के स्टडी टूर में आप यह जान सकते हैं कि हमारे जन औषधि केंद्र कैसे काम करते हैं। आप वाइब्रेंट विलेज अभियान का हिस्सा बनकर सीमावर्ती गांवों में एक अनोखा अनुभव ले सकते हैं। वहां संस्कृति और खेल गतिविधियों का हिस्सा भी जरूर बन सकते हैं।

### बच्चे कुछ नया सीखें

बच्चे समर वेकेशन में कुछ नया सीखें- आज बच्चे नए-नए प्लेटफ्रॉम से बहुत कुछ सीख सकते हैं। जैसे कोई टेक्नॉलाजी के बारे में सीख सकता है तो कोई थियटर या लीडरशिप क्वालिटी सीख सकता है। ऐसे कई स्कूल हैं, जो स्पीच और ड्रामा सिखाते हैं। ये बच्चों को बहुत काम आते हैं। बच्चे गर्मियों की छुट्टियों में कई जगह चल रहे वॉलंटियर एक्टिविटीज सेवा कार्यों से जुड़ सकते हैं।

छत्तीसगढ़ में पीएम ने बोला हमला

## कांग्रेस की नीतियों की वजह से नक्सलवाद को बढ़ावा मिला

**बिलासपुर (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसकी नीतियों की वजह से छत्तीसगढ़ समेत देश के अनेक राज्यों में नक्सलवाद को बढ़ावा मिला। प्रधानमंत्री मोदी ने आज छत्तीसगढ़ में 33,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मोदी ने मोहभट्ठा गांव में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, ''बीते दशकों में कांग्रेस की नीतियों की वजह से छत्तीसगढ़ सहित देश के अनेक राज्यों में नक्सलवाद को बढ़ावा मिला। देश में जहां-जहां अभाव रहा, जो-जो क्षेत्र विकास से पीछे रहे, वहां-वहां नक्सलवाद फलता फूलता रहा। लेकिन जिस दल ने 60 साल सरकार चलाई उसने क्या किया।

### अनेक माताओं ने अपने लाडले खोए

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के नौजवानों की अनेक पीढ़ियां खप गईं, अनेक माताओं ने अपने लाडले खो दिए, अनेक बहनों ने अपने भाई खो दिए। उन्होंने कहा, ''उस समय की सरकारों की यह उदासीनता आग में घी डालने जैसी थी। आपने तो खुद सहा है, देखा है।'' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''छत्तीसगढ़ में कितने ही जिलों में सबसे पिछड़े आदिवासी परिवार रहते हैं। उनकी कांग्रेस सरकार ने कभी सुध नहीं ली। हमने (राजग सरकार ने) गरीब आदिवासियों के शौचालय की चिंता की, स्वच्छ भारत अभियान चलाया।''

### जिसको किसी ने नहीं पूछा, उसको मोदी पूजता है

उन्होंने कहा, ''हमने गरीब आदिवासियों के इलाज की चिंता की, पांच लाख तक मुफ्त इलाज देने वाली आयुष्मान भारत योजना शुरू की। हमने आपके लिए सस्ती दवा की चिंता की, 80 प्रतिशत छूट देने वाले 'पीएम जन औषधि केंद्र' खोले।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''जो लोग सामाजिक न्याय पर झूठ बोलते हैं उन्हीं लोगों ने आदिवासी समाज को भुला रखा था। इसलिए तो मैं कहता हूं जिसको किसी ने नहीं पूछा उसको मोदी पूजता है।'' उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत तीन लाख लाभार्थियों के गृह प्रवेश के दौरान कहा, ''गरीब परिवारों के सिर पर पक्की छत आप सभी की वजह से संभव हो पाई है।

महामंडलेश्वर राम गोपाल का ऑफर

## सलमान खान को हिंदू धर्म में शामिल होने का निमंत्रण

एजेंसी ▶▶ इंदौर

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को हिंदू धर्म में आने का निमंत्रण मिला है। इंदौर के महामंडलेश्वर ने यह निमंत्रण दिया है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में आआगे तो राजवाड़े में आपके सम्मान में भव्य कार्यक्रम रखा जाएगा। दरअसल, फिल्म अभिनेता सलमान खान हमेशा से कई कारणों के चलते सुर्खियों में बने रहते हैं। ताजा मामला उनके हाथों में अयोध्या से जुड़ी घड़ी को लेकर है। सोशल मीडिया पर कई तरह की बातें लिखी जा रही है। इस बीच मध्यप्रदेश के इंदौर के



राम गोपाल दास



सलमान खान

महामंडलेश्वर श्री राम गोपाल दास जी महाराज ने घड़ी विवाद को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सलमान खान ऐसे धर्म को छोड़कर हमारे सनातन हिंदू धर्म में आए उनका हम स्वागत करते हैं और राजवाड़े पर श्री रामचंद्र जी के फोटो के सामने उनका स्वागत किया जाएगा।

मिजोरम सरकार बना रही नियम

## बिना अनुमति के विदेशियों के प्रवेश पर लगेगी रोक

एजेंसी ▶▶ आइजोल



मिजोरम सरकार राज्य में संरक्षित क्षेत्र परमिट (पीएपी) प्रणाली को लागू करने जा रही है। यह विदेशी नागरिकों के लिए कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में जाने के लिए आवश्यक यात्रा दस्तावेज है। राज्य सरकार ने यह कदम केंद्र की ओर से म्यांमार की सीमा से लगे पूर्वोत्तर की तीन राज्यों मिजोरम, मणिपुर और नगालैंड में पीएपी को दोबारा लागू करने के निर्देश के बाद उठाया है। मिजोरम के गृह सचिव वनलालमाविया ने बताया कि राज्य सरकार पीएपी को लागू करने की दिशा में कदम उठा रही है, जिसे प्रतिबंधित क्षेत्र परमिट (आरएपी) के रूप में भी जाना जाता है। हम पीएपी को लागू करने की प्रक्रिया में हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर लेंगपुई एयरपोर्ट पर एक होल्डिंग एरिया की भी पहचान की जा रही है। राज्य के गृह सचिव ने कहा कि राज्य सरकार ने केंद्र से आइजोल में एक नामित कार्यालय खोलने का अनुरोध किया है।

कांग्रेस और माकपा पर बढ़ा दबाव

## केसीबीसी ने वक्फ संशोधन विधेयक का किया समर्थन

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल (केसीबीसी)ने राज्य के सांसदों से वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन करने की अपील कर नई राजनीतिक बहस छेड़ दी है। केसीबीसी की अपील के साथ ही विपक्षी दल कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ)और सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ)पर मुनंबम भूमि विवाद पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने का दबाव बढ़ गया है। केसीबीसी ने एक बयान में मुनंबम की घटना का जिक्र करते हुए निर्वाचित प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि जब वक्फ अधिनियम में संशोधन संबंधी विधेयक संसद में चर्चा के लिए आए, तो वे 'असंवैधानिक और अन्यायपूर्ण प्रावधानों' में बदलाव




बदलाव का करें समर्थन

के पक्ष में मतदान करें। यह अपील केसीबीसी के अध्यक्ष कार्डिनल बेसिलियोस क्लीमिस कैथोलिकोस ने की।

एर्णाकुलम जिले के चेराई और मुनंबम गांवों के निवासियों ने आरोप लगाया है कि वक्फ बोर्ड उनकी भूमि और संपत्तियों पर अवैध रूप से दावा कर रहा है, जबकि उनके पास पंजीकृत दस्तावेज और भूमि कर भुगतान रसीदें मौजूद हैं। भाजपा की राज्य इकाई ने रविवार को केसीबीसी के रुख का स्वागत किया।

आसाराम की जमानत अवधि बढ़ने से दहशत

## पीड़िता के पिता ने कहा- हमारे परिवार को इससे बड़ा खतरा

एजेंसी ▶▶ शाहजहांपुर

दुष्कर्म के दोषी कथावाचक आसाराम को तीन महीने की अंतरिम जमानत मिल गई है। इधर,रेप पीड़िता के परिवार को अनहोनी की आशंका बनी हुई है। बिटिया के पिता का कहना है कि आसाराम पहले से ही पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी देता था। उसके जेल से बाहर आने पर डर बढ़ गया है। आसाराम को जेल भिजवाने वाली पीड़िता के मकान के बाहर चार सिपाही तैनात रहते हैं। उनके पिता के साथ दो गनर रहते हैं। बिटिया के पिता ने कहा कि आसाराम जब तक जेल में था, तब तक हमारी जीत थी। उसने 90 दिन की अंतरिम जमानत बढ़वा ली। इलाज कराने के बजाय वह इधर-उधर घूम रहा है।

उन्होंने वकील से दो बार कहा कि आसाराम कोर्ट की शर्तों का उल्लंघन कर रहा है, पर वे टालते रहे। उन्होंने अपील करने के लिए सुप्रीम कोर्ट भेज दिया। वहां से



90 दिन की जमानत पर है कथा वाचक

हाईकोर्ट भेजा गया। इसी में समय निकल गया। वकील ने समय से अपील की होती तो कुछ सुनवाई अवश्य होती। पीड़िता के पिता ने कहा कि हमारे परिवार को खतरा है। जेल के अंदर रहकर उसने गवाहों पर हमले कराए। अब वह बाहर आ गया। उसने पहले ही पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दी थी। उसकी जमानत अवधि बढ़ने से परिवार को खतरा बढ़ गया है। अगले कदम उठाने के बारे में कहते हैं कि इसे लेकर राय-मश्वरा करेंगे।

ऑस्ट्रेलिया के महान स्पिनर शेन वॉर्न की मौत पर चौंकाने वाला खुलासा

## थाईलैंड के कमरे में मिली थी 'उत्तेजक दवा की शीशी', इसके सेवन से हुई थी मौत, इस बात को छिपाने के लिए कहा गया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के महान स्पिनर शेन वॉर्न के निधन को तीन साल बीत चुके हैं। अप्रैल 2022 में 52 साल की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली थी। उनका निधन दिल का दौरा पड़ने की वजह से हुआ था। वॉर्न तब थाईलैंड में थे। अब उनकी मौत पर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक उनके कमरे से एक ऐसी दवा मिली थी जिसकी वजह से उन्हें समस्या उत्पन्न हुई थी। इस बात का खुलासा तब मामले की जांच कर रहे एक पुलिस अधिकारी ने किया है। उसने कहा है कि इस बात को छिपाने को कहा गया था। जिस कमरे में वॉर्न की मौत हुई थी, उस कमरे में पहुंचे पुलिस अधिकारियों में से एक को वहां उत्तेजक दवा की शीशी मिली थी।

◆ *इस दवा का इस्तेमाल स्तंभन दोष के लिए किया जाता है, उन लोगों को इसके सेवन की मनाही होती है जिनको दिल की समस्या है*

अधिकारिक रूप से यह बताने के लिए कहा गया कि वॉर्न की मौत दिल के दौरे से हुई



### नहीं पता वॉर्न ने कितनी दवा ली थी

*पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह एक बोतल थी, लेकिन हम नहीं जानते कि वॉर्न ने इसमें से कितनी दवा ली थी। घटनास्थल पर उल्टी और खून भी देखा गया था, लेकिन हमने उत्तेजक दवा की शीशी को वहां से हटा दिया, जैसा कि हमसे कहा गया था। वॉर्न की मौत के बाद थाईलैंड के सूरत थानी अस्पताल की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया था कि महान क्रिकेटर की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई थी।*

### दो महिलाओं ने वॉर्न को आखिरी बार जिंदा देखा था

वॉर्न थाईलैंड के कोह समुई में रुके हुए थे। वह वहां के आलीशान समुआना विला रिसॉर्ट में रुके थे। वह वहां अपने तीन और दोस्तों के साथ गए थे। इस रिसॉर्ट का एक दिन का किराया एक लाख से साढ़े चार लाख तक है। दो महिलाएं हैं जिन्होंने वॉर्न को आखिरी बार जिंदा देखा था और परथाईलैंड पुलिस उनसे पूछताछ भी कर रही थी।

## खबर संक्षेप

### तीसरे दिन भी कांपी म्यांमार की धरती



**नाएप्यीडॉ।** म्यांमार शुक्रवार को आए शक्तिशाली भूकंप के बाद लगातार धरती कांप रही है। यूएसजीएस के मुताबिक, रविवार को म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर के पास 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने इसकी तीव्रता 4.6 बताई। यह शुक्रवार के विनाशकारी भूकंप के बाद आए झटकों में सबसे नया था। भूकंप के झटके महसूस होने पर मांडले की सड़कों पर लोग चीखने लगे।

### बलूचिस्तान में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहाल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की सरकार ने क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति के बीच कई प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों पर रात के समय यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया है, जहां हाल के हफ्तों में वाहनों पर कई आतंकवादी हमले हुए हैं। बता दें कि, अशांत प्रांत में वाहनों पर कई आतंकी हमले हुए हैं, जब बंदूकधारियों ने राजमार्गों पर आवाजाही पर रोक लगाई और यात्रियों की पहचान करने के बाद उन्हें मार डाला।

### अपहरण के संदेह में 16 लोगों की हत्या की



**अबुजा।** दक्षिणी नाइजीरिया में भीड़ ने अपहरणकर्ता होने के संदेह में हमला कर 16 लोगों की हत्या कर दी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता मोसेस यामू ने एक बयान में बताया कि सभी पीड़ितो को एडो राज्य के यूरोमी क्षेत्र में स्थानीय सुरक्षा कर्मियों द्वारा रोके जाने के बाद उनकी हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि सभी पीड़ित उत्तरी नाइजीरिया के रहने वाले थे। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में देखा गया।

---

नवरात्रि के पहले दिन श्रद्धालुओं ने मंदिर में टेका मत्था

# माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, जय माता दी बोलकर चलते रहे भक्त

माता वैष्णो देवी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा की, मंदिर में उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने माता से आशीर्वाद लिया और नवरात्रि का उत्सव धूमधाम से शुरू किया।





एजेंसी ▶▶ जम्मू

माता वैष्णो देवी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। नवरात्रि के दौरान हर दिन देवी दुर्गा को एक अलग रूप समर्पित किया जाता है, पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। इस अवसर पर माता वैष्णो देवी के दर्शन करने के लिए बहुत से लोग मंदिर पहुंचे। भक्तों ने मां शैलपुत्री से आशीर्वाद लिया और विधिपूर्वक पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्ण भक्ति देखी गई। मंदिर प्रशासन ने भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष उपाय किए हैं ताकि नवरात्रि के दौरान उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी। पहले दिन की पूजा के बाद, श्रद्धालु खुशी और आशीर्वाद से नवरात्रि के बाकी दिनों के लिए तैयार हैं।

### नवरात्र की एलजी ने दी बधाई

नवरात्र पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने लोगों को बधाई दी है। उन्होंने अपने संदेश में कश्मीरी पंडित भाईयों और बहनों को भी बधाई दी है, जो नवरेह मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्र पर्व हमें सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। कहा कि महिलाओं के राष्ट्र निर्माण में समान भागीदार के रूप में सम्मान दिया जाए। उन्होंने मां दुर्गा से प्रार्थना की कि वह सभी पर समान रूप से आशीर्वाद बनाए रखें।

### दिव्यांग के लिए दी जा रही निःशुल्क सेवाएं

मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अंशुल गर्ग ने बताया कि बोर्ड ने घोषणा की है कि तीर्थयात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए विकलांग व्यक्तियों को कटरा बेल्ट में विभिन्न निशुल्क सेवाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने कहा कि दिव्यांग तीर्थयात्रियों के लिए हाल ही में कई पहल शुरू की गई हैं, जिनमें हेलीकॉप्टर बुकिंग, आरती और निशुल्क बैटरी कार सेवाओं में समर्पित कोटा शामिल है। अंशुल गर्ग ने बताया कि माता वैष्णो देवी मंदिर में हेलीकॉप्टर सेवाओं के लिए अग्रिम ऑनलाइन बुकिंग अब वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग तीर्थयात्रियों के लिए एक विशेष श्रेणी के रूप में उपलब्ध है। ऑनलाइन बुकिंग आरक्षण बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है. उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए अर्धकुंवारी में 1,500 तीर्थयात्रियों के लिए सभी मौसम के अनुकूल विश्राम क्षेत्र की स्थापना की जा रही है।

---

सरकार का बड़ा फैसला, गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

# मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में छह महीने के लिए बढ़ा आफस्पा

अफस्पा कानून के तहत किसी भी व्यक्ति के खिलाफ गोली चलाने का अधिकार

गृह मंत्रालय ने मणिपुर अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में अफस्पा को छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। मणिपुर के 5 जिलों के 13 थाना क्षेत्रों को छोड़कर बाकी हिस्सों में यह लागू रहेगा। अरुणाचल प्रदेश के तिरप,चांगलांग, लोंगडिंग और तीन थाना क्षेत्रों में इसे फिर लागू किया गया है। नगालैंड के आठ जिलों में एएफएसपीए(आफस्पा) बढ़ाया गया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्रालय ने मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में 6 महीने के लिए सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) लागू कर दिया है। इसमें मणिपुर के 5 जिलों के 13 थाना क्षेत्र को छोड़कर पूरे राज्य में आफस्पा अगले 6 महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। वहीं अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों और राज्य के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में भी आफस्पा लागू कर दिया गया है। नगालैंड के जिन जिलों में एएफएसपीए को फिर से लागू किया गया है।

1 आठ जिलों में एएफएसपीए बढ़ाया

2 कानून सुरक्षा बलों को विशेष शक्तियां प्रदान करता है

3 मणिपुर के 5 जिलों के 13 थाना क्षेत्रों को छोड़कर बाकी हिस्सों में लागू



### इन क्षेत्रों में भी बढ़ा आफ्सपा

साथ ही लोंगलेंग जिले में यांगलोक पुलिस थाना क्षेत्रए और वोखा जिले में भंडारी चांमपांग और रालान पुलिस थाने क्षेत्र जुनहेबोटो जिले में घटासी, पुघोबोट, सताखा सुरूहुतो, जुनहेबोटो और अघुनाटो पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों को सशस्त्र बल,विशेष शक्तियां अधिनियम, 1958 की धारा 3 के अंतर्गत दिनांक 01.04.2025 से छः माह तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

### आफ्सपा के तहत सुरक्षा बलों को मिले हैं विशेष अधिकार

*आफ्सपा कानून सुरक्षा बलों को किसी व्यक्ति को बिना वारंट के गिरफ्तार करने, बिना वारंट के परिसर में प्रवेश करने या तलाशी लेने और अन्य कार्रवाई करने का अधिकार देता है। इसके साथ ही आफ्सपा गोली चलाने की भी अनुमति देता है। इसके अलावा सुरक्षाबलों को ये भी अधिकार है कि अगर कोई भी उग्रवादी या उपद्रवी घर में छिपा होता है तो उसे तबाह भी किया जा सकता है। इस कानून के तहत कार्रवाई तभी संभव है, जब केंद्र सरकार द्वारा इसे किसी अशांत क्षेत्र में लागू किया हो।*

### क्या है एएफएसपीए (आफस्पा)

*एएफएसपीए को अशांत इलाकों में लागू किया जाता है। इस कानून के तहत सुरक्षाबलों को एक महत्वपूर्ण ताकत मिलती है। इसके तहत सुरक्षाबलों के पास बिना वारंट के किसी को भी गिरफ्तार करने की ताकत होती है। साथ ही इसके कानून के चलते कई मामलों में बल प्रयोग का भी प्रावधान है। एएफएसपीए को सिर्फ अशांत क्षेत्रों में ही लागू किया जाता है।*

---

म्यांमार भूकंप पीड़ितों की मानवीय मदद

# भारतीय नौसेना के दो जहाजों पर भेजी गई राहत सामग्री



एजेंसी ▶▶ नाएप्यीडॉ

म्यांमार के भूकंप पीड़ितों की मदद के लिए भारत ने नौसेना के दो जहाजों सतपुड़ा और सावित्री की मदद से राहत सामग्री भेजी है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत भेजी गई ये मानवीय मदद लेकर दोनों जहाज 29 मार्च को रवाना हुए। बता दें कि म्यांमार भूकंप में 1644 से अधिक मौतें हुई हैं, जबकि 2000 से अधिक लोग हताहत हुए हैं। म्यांमार के भूकंप पीड़ितों की मदद के लिए भारत सरकार ने ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया है। पीड़ितों की मदद के लिए वायुसेना की मदद से खेप भेजी गई है। एनडीआरएफ की टीम को भी म्यांमार भेजा गया है। उत्तर प्रदेश के आगरा से फील्ड अस्पताल के 118 चिकित्साकर्मी भी म्यांमार भेजे गए हैं।

### संकट के समय मदद करना भारत की नीति

*विदेश मंत्रालय के मुताबिक भारत सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाला देश रहा है। जब चक्रवात यागी ने म्यांमार पर कहर बरपाया था, उस समय भी भारत ने अभियान चलाया था। हमने म्यांमार के लोगों को राहत, सामग्री, मानवीय सहायता प्रदान की, न केवल म्यांमार के लोगों को बल्कि कई अन्य देशों को भी जो इससे प्रभावित हुए थे।*

### क्या है ऑपरेशन ब्रह्मा

*एक दिन पहले विदेश मंत्रालय ने ऑपरेशन ब्रह्मा को लेकर जानकारी दी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया था कि ब्रह्मा सृजन के देवता हैं, इसलिए ऑपरेशन के यह नाम विशिष्ट है। उन्होंने कहा, संकट के समय सबसे पहले मदद करना भारत की विदेश नीति का हिस्सा है।*

---

## राज्यपाल सिन्हा ने मुठभेड़ में घायलों का हाल जाना



**जम्मू।** रविवार को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा कठुआ में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में घायल हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का दौरा किया।

### टोंगा के नजदीक 7.1 तीव्रता का भूकंप

**तोक्यो।** प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश टोंगा के निकट रविवार को 7.1 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया, जिसके बाद देश में सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने मुताबिक, भूकंप स्थानीय समयानुसार रविवार देर रात के समय मुख्य द्वीप से लगभग 100 किलोमीटर (62 मील) उत्तर-पूर्व में आया। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि भूकंप के केंद्र से 300 किलोमीटर (185 मील) के भीतर स्थित तटों पर खतरनाक लहरें उठ सकती हैं। किसी नुकसान की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। टोंगा पोलिनेशिया में स्थित एक देश है, जो 171 द्वीपों से बना है तथा इसकी जनसंख्या 100,000 से कुछ अधिक है। देश की अधिकतर आबादी मुख्य द्वीप टोंगाटापू पर रहती है।

---

धमाके में कार के उड़े चिथड़े

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन की हत्या की कोशिश काफिले में शामिल लिमोजिन कार में धमाका

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

क्या रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हत्या की कोशिश की गई है? रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आधिकारिक कार बेड़े में शामिल लिमोजिन कार में धमाके के बाद ये सवाल उठ रहे हैं, कि क्या रूसी राष्ट्रपति पुतिन को निशाना बनाने की कोशिश की गई है? ये लिमोजिन कार करीब 275,000 पाउंड की थी, जिसमें देश की शीर्ष खुफिया एजेंसी एफएसबी के मुख्यालय के पास मास्को की एक सड़क पर हुई है।

धमाके के बाद कार के चिथड़े उड़ गए और उसमें आग लग गई। यूरोवीकली के अनुसार, यह घटना 29 मार्च को लुब्यंका के पास स्थित मास्को के एफएसबी मुख्यालय के उत्तर में एक सड़क पर घटी है। मिली जानकारी के अनुसार रूसी राष्ट्रपति की हत्या की कोशिश की गई है। यूक्रेन में युद्ध खत्म करने के लिए अमेरिका और रूसी राष्ट्रपति के बीच बातचीत हो रही है और इस दौरान सवाल



उठ रहे हैं कि क्या व्लादिमीर पुतिन की हत्या की कोशिश की गई है? वायरल वीडियो में कार में लगी आग को देखा जा सकता है और देखा जा रहा है कि आग को बुझाने की कोशिश की जा रही है। माना जाता है कि कार के इंजन बे क्षेत्र में धमाका होने के बाद आग काफी तेजी के साथ कार के अंदरूनी हिस्से में फैल गई।

### अभी किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

रूसी राष्ट्रपति को जान से मारने की कोशिश इस दौरान कार से धुंआ निकलता देखा गया है। माना जा रहा है कि इस घटना में वाहन का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया है। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि घटना के दौरान कार में कौन-कौन मौजूद था क्योंकि अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### अमेरिका में घर से टकराया बेकाबू विमान, एक की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक छोटा यात्री विमान हादसे का शिकार हुआ है। विमान में सवार कम से कम एक व्यक्ति की दुर्घटना में मौत हो गई है। हादसे की जांच अभी शुरुआती दौर में है, ऐसे में मौतों की संख्या बढ़ भी सकती है। ये विमान शनिवार को आयोवा से मिनेसोटा जा रहा था, तभी दुर्घटनाग्रस्त होकर मिनियापोलिस में एक मकान पर गिर गया। से प्लेन और मकान में भीषण आग लग गई। पार्क प्रवक्ता रिसिकट अडेसोगुन ने बताया है कि घर में रहने वालों को इस हादसे में कोई चोट नहीं आई है।




---

## छाया घिबली का जादू, इमेज बनवाने के लिए लोग हुए दीवाने

घिबली स्टाइल इमेज बनाने की होड़ लग गई। सीईओ सैम अल्टमैन ने कहा कि वर्ल्डवाइट ट्रेंड के कारण चैटजीपीटी के जीपीयू पिघलने के कगार पर पहुंच गए हैं। जानिए आखिर चैटबॉट से घिबली इमेज बनवाने के लिए लोग इतने दीवाने क्यों हो गए हैं।

लोग चैटजीपीटी की बनाई तस्वीरों को पसंद कर रहे हैं

# लोगों ने घिबली इमेज बनाकर काटी इतनी मौज कि 'पिघल' गए चैटजीपीटी के जीपीयू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैटजीपीटी से बनाए गए घिबली वर्जन की तस्वीरों ने दुनियाभर के इंटरनेट यूजर्स को क्रेजी कर दिया है। सोशल मीडिया पर घिबली स्टाइल इमेज अपलोड करने की जैसे होड़ सी मच गई है। लोग कई तरह के फोटोज अपलोड कर उनके मजेदार घिबली वर्जन बना रहे हैं। बुधवार को ओपनएआई के सीईओ सैम अल्टमैन ने अपनी घिबली इमेज अपलोड करके इस ट्रेंड को हवा दे दी। फिर क्या था, भारत समेत दुनियाभर में स्टूडियों घिबली सर्च ट्रेंड करने लगा।

### पिघल रहे हैं जीपीयू





*कुछ यूजर्स ने पहले एक्स पर ट्विट कर बताया था कि घिबली वर्जन इमेज चैटजीपीटी के प्रीमियम वर्जन में बनाया जा सकता है। हालांकि, बाद में कई यूजर्स ने पाया कि यह फ्री वर्जन में काम कर रहा है। इसके बाद चैटजीपीटी यूजर्स के बीच तस्वीरों को घिबली में बदलने की होड़ लग गई। इसी बीच सैम अल्टमैन ने एक्स पर ट्वीट कर बताया कि उनके जीपीयू 'पिघल' रहे हैं। दरअसल, चैटजीपीटी जैसे चैटबॉट कमांड से तस्वीरों को क्रिएट करने के लिए ग्राफिकल प्रोसेसिंग यूनिट, यानी जीपीयू का इस्तेमाल करते हैं।*

**भारत के लोगों ने खूब ली मौज :** घिबली वर्जन इमेज बनाने में भारत के लोग भी पीछे नहीं रहे। पिछले 24 घंटो से भारत में स्टूडियो घिबली गूगल पर तीसरे नंबर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं इंटरनेट पर इसे 1 लाख से ज्यादा लोग सर्च कर चुके हैं।

**क्या है स्टूडियो घिबली? :** लोग अमेरिकी प्रेजिडेंड डोनॉल्ड ट्रंप से लेकर पीएम नरेंद्र मोदी तक के घिबली स्टाइल कार्टून इमेज बना रहे हैं। इंटरनेट पर कई वायरल मीम्स के भी कार्टून बनाए जा रहे हैं।

### आप भी बना सकते हैं घिबली इमेज

चैटजीपीटी अपने लेटेस्ट मॉडल जीपीटी-4o का इस्तेमाल कर रहा है। घिबली इमेज जनरेशन इसी मॉडल से संभव हो पाया है। इसका सबसे रोचक पहलू यह है कि यह स्टूडियो घिबलीi की प्रसिद्ध कार्टून शैली को बखूबी दोहरा सकता है। आप भी आसानी के घिबली इमेज जनरेट कर सकते हैं।

### जल्दी ही प्रतिदिन 3 जनरेशन मिलेंगी

सैम अल्टमैन ने ट्वीट किया कि, यह देखना बहुत मजेदार है कि लोग चैटजीपीटी की बनाई तस्वीरों को पसंद कर रहे हैं। लेकिन हमारे जीपीयू पिघल रहे हैं। हम इसे और अधिक कुशल बनाने पर काम करते हुए अस्थायी रूप से कुछ दर सीमाएं लागू करने जा रहे हैं। उम्मीद है कि इसमें ज़्यादा समय नहीं लगेगा! चैटजीपीटी फ्री टियर को जल्द ही प्रतिदिन 3 जनरेशन मिलेंगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25